महानगर नई दिल्ली सोमवार 15 जुलाई, 2024, रु. 6.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

# भरी सभा में ट्रंप पर दागीं गोलियां

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के दाहिने कान में लगी गोली, हमलावर ढेर; मकसद का कर रहे पता : एफबीआइ

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को एक चुनावी रैली में जानलेवा हमला किया गया, जिसमें वे बाल-बाल बच गए। ट्रंप पर एक युवक ने गोलियां चलाईं। एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी। सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को मार गिराया। गोलीबारी की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

संघीय जांच एजंसी एफबीआइ ने हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले 20 वर्षीय थामस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है। वह रिपब्लिकन के रूप में मत डालने के लिए पंजीकृत था। घटना की जांच 'हत्या के प्रयास' मामले के तौर पर की जा रही है। हमले की यह घटना मिल्वाकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' से दो दिन पहले हुई। इस सम्मेलन में ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।

**गोलीबारी** की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

ट्रंप ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली को संबोधित करना शुरू ही किया था कि गोलियां चलने लगीं। घटना के वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि गोलियां चलने के दौरान ट्रंप ने अपने दाहिने कान पर हाथ रख लिया। वहां अफरा-तफरी मच गई और इसी दौरान किसी ने जोर से कहा, 'नीचे बैठो, नीचे बैठो।'

इसके बाद, सीक्रेट सर्विस के एजंटों ने ट्रंप को बचाने के लिए उन्हें सुरक्षा घेरे में ले लिया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हमले के बाद ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से से खून निकलने लगा, उन्हें तुरंत मंच से बाकी पेज 8 पर



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को पेनसिल्वेनिया में जनसभा में हमले के बाद सीक्रेट सर्विस एजंटों के घेरे में।

-संबंधित खबरें पेज 12



"हत्या के प्रयास की हर किसी को निंदा करनी चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अमेरिका में इस तरह की हिंसा पहले कभी नहीं सुनी। यहां हिंसा की कोई जगह नहीं है।
*-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति*

"भगवान ने ही वह सब होने से रोक लिया, जिसके बारे में सोचा भी नहीं था। ऐसे समय में यह अधिक महत्त्वपूर्ण है कि हम एकजुट रहें और अमेरिकियों के तौर पर अपना मूल चरित्र बनाए रखें। हम मजबूत और दृढ़संकल्पित बने रहें और बुराई को न जीतने दें। हम डरेंगे नहीं। मैं जुझारू बना रहूंगा।
*-पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप*
**(एक रैली में अपनी हत्या के प्रयास के बाद रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा)**



## ट्रंप की ही पार्टी का सदस्य था हमलावर

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

अमेरिकी संघीय जांच एजंसी एफबीआइ ने डोनाल्ड ट्रंप के हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले 20 वर्षीय थामस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है। वह रिपब्लिकन के रूप में मत डालने के लिए पंजीकृत था।

ट्रंप की पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में मौजूद दो प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि उन्होंने हमलावर को देखा था। ट्रंप अपने समर्थकों को जिस स्थान से संबोधित कर रहे थे, उससे लगभग '200 से 250 गज' दूरी पर हमलावर था। रायटर्स ने बताया कि वह बटलर में गोलीबारी की जगह से लगभग एक घंटे की दूरी पर रहता था।

न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार, क्रुक्स ने 2022 में बेथेल पार्क हाई स्कूल से स्नातक बाकी पेज 8 पर

## राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं : मोदी

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की रविवार को कड़ी निंदा की और कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस हमले पर चिंता जताई है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता बाकी पेज 8 पर

## मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ जवान शहीद

### जोरीबाम जिले की घटना, एक पुलिसकर्मी घायल

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमले में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिहार के 43 वर्षीय अजय कुमार झा के रूप में की गई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि जवान के सिर में गोली लगी थी और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। घायल पुलिसकर्मी का इलाज जारी है। हमले के बाद आसपास के पहाड़ी इलाकों से मोंगबुंग में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हमले की निंदा की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं आज जिरीबाम जिले में एक सशस्त्र समूह के हमले और उसमें सीआरपीएफ के एक जवान की हत्या की कड़ी निंदा करता हूं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को भी गांव में गोलियों की आवाजें सुनाई दीं। रविवार के हमले के बाद मोंगबुंग में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में सुरक्षाकर्मियों का एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। रविवार सुबह सीआरपीएफ और पुलिस ने उग्रवादियों पर जवाबी कार्रवाई की। इसमें उग्रवादियों को कितना नुकसान पहुंचा, अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।



**मुख्यमंत्री** एन बीरेन सिंह ने हमले की निंदा की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। **पुलिस** ने बताया कि हमले में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिहार के 43 वर्षीय अजय कुमार झा के रूप में की गई है।

### गुरु तेगबहादुर अस्पताल की घटना

## वार्ड में घुसकर मरीज की गोली मारकर हत्या

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

शाहदरा के दिलशाद गार्डन स्थित गुरु तेगबहादुर अस्पताल (जीटीबी अस्पताल) में भर्ती एक मरीज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद अस्पताल के अंदर हड़कंप मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी के साथ कुछ और लड़के आए थे जो बाहर खड़े थे। वारदात के बाद वे सभी फरार हो गए।

**पुलिस** ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी के साथ कुछ और लड़के आए थे जो बाहर खड़े थे। वारदात के बाद वे सभी फरार हो गए।

**रियाजुद्दीन** बीते महीने 23 जून को पेट में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती हुआ था, तभी से उसका इलाज चल रहा था। वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों बताया कि शाम चार बजे एक लड़का रियाजुद्दीन से मिलने आया था।

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि रविवार शाम चार बजे के जीटीबी अस्पताल में भर्ती एक मरीज की गोली मारकर हत्या की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस तुंरत मौके पर पहुंची तो पता चला कि अस्पताल के वार्ड नंबर-24 में भर्ती 32 साल के रियाजुद्दीन को गोली मारी गई है।

रियाजुद्दीन बीते महीने 23 जून को पेट में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती हुआ था, तभी से उसका इलाज चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों और उनके तीमारदारों से पूछताछ में पता चला कि शाम चार बजे के आसपास एक लड़का रियाजुद्दीन से मिलने आया था। वह वार्ड में उससे कुछ बाकी पेज 8 पर

### कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## सेना ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए सेना ने रविवार को तीन आतंकियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि अंतिम जानकारी मिलने तक घुसपैठ रोधी अभियान जारी था। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि घुसपैठियों के एक समूह को सेना ने रोकने की कोशिश की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने घुसपैठ का प्रयास कर रहे तीन आतंकियों को मार गिराया।

केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं। हालांकि, सेना ने यह स्पष्ट नहीं किया कि चल रहे आपरेशन में दोनों पक्षों में कोई हताहत हुआ है या नहीं श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज केरन सेक्टर, कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई है। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए थे और एक सैनिक शहीद हो गया था। जिले में दो जगहों पर मुठभेड़ हुई थी। एक महीने में जम्मू में हुआ यह पांचवां हमला है और कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण इलाके में हुआ है।

## गुजरात में कोयला खदान मामले में भाजपा नेताओं पर मुकदमा

नई दिल्ली, 14 जुलाई (ब्यूरो)।

गुजरात के सुरेंद्र जिले में शनिवार देर शाम एक कथित अवैध कोयला खदान में काम करते समय तीन मजदूरों की कथित तौर पर दम घुटने से मौत हो गई, जिसके बाद दो भाजपा नेताओं सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

-पूरी खबर पेज 8

## अनंतनाग में उमा भगवती मंदिर के कपाट 34 वर्षों के बाद खुले

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में देवी उमा भगवती का मंदिर 34 साल से अधिक समय के बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में फिर से खोला गया। वर्ष 1990 में कश्मीर घाटी में अशांत परिस्थितियों के कारण इसे बंद कर दिया गया था। क्षेत्र की स्थानीय मुसलिम आबादी के सक्रिय सहयोग से यह मंदिर कल फिर खुल जाएगा।

-पूरी खबर पेज 8

### जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद खोला गया | संयोग | इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था

## आभूषणों और कीमती वस्तुओं की बनेगी सूची, होगी मरम्मत

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

ओड़ीशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया।

ओड़ीशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था। भाजपा ने तत्कालीन सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) पर इसकी खोई हुई चाभियों को लेकर निशाना साधा था और लोगों से वादा किया था कि अगर वह चुनाव जीतती है तो रत्न भंडार को फिर से खोलने का प्रयास करेगी। ओड़ीशा के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा गया कि भगवान जगन्नाथ की इच्छा पर उड़िया समुदाय ने 'उड़िया अस्मिता' की पहचान के साथ आगे बढ़ने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। आपकी इच्छा पर ही जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए थे। आज आपकी इच्छा पर ही 46 साल बाद रत्न भंडार को एक बड़े उद्देश्य के लिए दोपहर एक बजकर 28 मिनट पर शुभ घड़ी पर खोला गया।रत्न भंडार को खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा 'गजपति महाराजा' के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

मंदिर में प्रवेश करने से पहले पाधी ने कहा कि रत्न भंडार पुनः खोल दिया गया है, लेकिन मूल्यवान वस्तुओं की सूची तत्काल नहीं बनाई जाएगी। रत्न भंडार के आंतरिक और बाहरी कक्षों में रखे गए आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को लकड़ी के संदूकों में बंद कर अस्थायी सुरक्षित कमरे में रखा जाएगा। अस्थायी सुरक्षित कमरे की पहचान कर ली गई है और वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। वस्तुओं की सूची तैयार करने का काम आज शुरू नहीं होगा। यह कार्य मूल्यांकनकर्ताओं, सुनारों और अन्य विशेषज्ञों को नियुक्त किए बाकी पेज 8 पर

**रत्न** भंडार खोलते समय 11 लोग मौजूद थे। रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। इन संदूकों के अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा हुआ है।



**सरकार** ने रत्न भंडार में मौजूद बहुमूल्य वस्तुओं की डिजिटल सूची तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें उनके वजन और निर्माण आदि का विवरण दिया जाएगा।

www.readwhere.com

# जनसत्ता क्लासीफाइड

## व्यक्तिगत

I, HARJINDER SINGH, S/O AVTAR SINGH RAIT, R/O 2/101 SUNDER VIHAR, PASCHIM VIHAR, WEST DELHI, DELHI-110087, have changed my name to HARJINDER SINGH RAIT For all future purposes. 0070912719-1

I,Kamli Biswakarma, legally mother of No. 15214548M, Rank-NK, Name-Ramesh Biswakarma, Unit 31 ARTY BDE, C/o 56-APO, presently R/o Vill.-Betgara, PO-Salugara, Teh.-Jalpaiguri, P/S-Bhakti Nagar, Distt.-Jalpaiguri, West Bengal-734008, have changed name from KAMLA BISWAKARMA to KAMLI BISWAKARMA and DOB from 01/07/1961 to 01/01/1959 vide Affidavit No. IN-UP02345667259612W dated 05/07/2024 0060117365-2

I, SHIVANI SINGH, W/o ANIL KUMAR R/o RZ-5, GALI NO-06, NANGLI VIHAR, NAJAFGARH, DELHI-110043, have changed my minor daughter's name from VANSHIKA JASPAL aged 6 years to VANSHIKA SINGH JASPAL forever. 0070912686-1

I, Roshan Khan, legally father of No. 15581767Y, Rank-NK, Name-Ramjan Khan, Unit-114 ARMD ENGR REGT, C/o 56-APO, presently R/o Vill.-Jandawali, PO-Jandawali, Teh.-Hanumangarh, P/S-Hanumangarh, Distt.-Hanumangarh, Rajasthan-335512 have changed my name from ROSHAN ALI to ROSHAN KHAN and DOB from 02/02/1963 to 01/01/1964 vide Affidavit No. IN-UP07712789463951W dated 10/07/2024 0060117365-4

I, Mumtaj, legally mother of No. 15581767Y, Rank-NK, Name-Ramjan Khan, Unit-114 ARMD ENGR REGT, C/o 56-APO, presently R/o Vill.-Jandawali, PO-Jandawali, Teh.-Hanumangarh, P/S-Hanumangarh, Distt.-Hanumangarh, Rajasthan-335512 have changed my name from MUMTAJ BEGUM to MUMTAJ and DOB from 25/10/1966 to 01/01/1964 vide Affidavit No. IN-UP07711829941495W dated 10/07/2024 0060117365-3

I, KANTA YADAV, W/O TAARKESHWAR SINGH YADAV, R/O HOUSE NO. C-83 OLD DLF COLONY SECTOR-14, GURGAON, HARYANA-122001, have changed my name to DHARA YADAV For all future purposes. 0070912688-1

I, GALLA BHARGAVI, legally wedded spouse of No. 15199667H, NK (DS) NEELA VEERA PRASAD , presently R/o House No. 1/7, Araveetivandlapalli (Village),Galiveedu (Post) Galiveedu (Mandal), Annamayya (District), AndhraPradesh (state), Pin Code-516267 have changed my name from NEELA BHARGAVI to GALLA BHARGAVI vide Affidavit No. IN-AP01091444374084W dated 09/07/2024 0060117365-5

I, DHAN BAHADUR BISWAKARMA, legally father of Army No. 15214548M, Rank-Nk, Name-Ramesh Biswakarma, Unit-31 ARTY BDE, C/o 56-APO, presently R/o Vill.-Betgara, PO-Salugara, Teh.-Jalpaiguri, P/S-Bhakti Nagar, Distt.-Jalpaiguri, West Bengal-734008 have changed my Date of Birth from 01/07/1955 to 01/01/1955 vide Affidavit No. IN-UP002344664010284W dated 05/07/2024 0060117365-1

I Vijit Singh Chauhan Son of Jitendra Pal Singh R/o Officers Enclave OMQ-5 Air Force Station Arjangarh New Delhi 110047, have changed my (minor-child Name) Gaurangi Singh to Gaurangi Chauhan. 0070912651-1

I Vijit Singh Chauhan Son of Jitendra Pal Singh R/o Officers Enclave OMQ-5 Air Force Station Arjangarh New Delhi 110047, have changed my (minor-child Name) Gargi Singh to Gargi Chauhan. 0070912649-1

I, Swapnil Deo D/O, Sanjiw Kumar Deo R/o Bhadara have changed my name to Swapnil Kumari for all purposes. 0040738406-2

I,Dinesh,S/o Sukhpal Singh,R/o,A-120/UG-3, Shalimar-Garden,Extn-2,Sahibabad, Ghaziabad,U.P.-201005,have changed my name to Dinesh Kumar,for all,future purposes. 0040738406-3

I,Poonam,W/o Dinesh Kumar, R/o, H.No.809, Gali.No.-5,Gautam Gali, Church Road,Jwala Nagar, Shahdara,Delhi-110032,have changed my name to Poonam Sharma,for all,future purposes. 0040738406-4

I,Ravi Shankar S/o Suresh chand,R/o-IMP0031203,12th-Floor,Tower-3,Imperial court Jaypee wishtown,Sector-128 Noida,Gautam Budh Nagar-UP, have changed my name to Ravi Shankar Goel 0040738259

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to the general public that my clients **Sh. Rakesh Kumar** S/o Balaprasad and **Santosh Gupta,** W/o Rakesh Kumar R/o KW-40, Malibu Town, Sohna Road, Gurugram-122018 have severed all ties by debarring their son **Himanshu Gupta** and his wife **Deepti Gupta,** currently residing at First Floor, KW-40, Malibu Town, Sohna Road, Gurugram-122018, from all movable's/immovable properties, money, bank accounts and/or any other valuable security whatsoever due to his unwanted/ mischievous activities. My clients henceforth have no concern with him and anyone dealing with him shall be doing so on his/her own sole accord.

Sd/-
**Shantanu Awasthi**
**Advocate**
**W-31, LGF,**
**GREATER KAILASH-1,**
**NEW DELHI-110048**

**खोया+पाया**

**LDA** issued allotment letter dtd 05/03/2010 favouring Amrendra Pratap Singh Unit No. A-12/02 Sulabh Awas Sector 6 Gomtinagar Extension Lucknow (63.28 Sq Mtr) is lost somewhere. Misuse of it by anyone is illegal & punishable : Jitendra P Singh Ph 9918959444 0130043484-2

**PUBLIC NOTICE**

My clients Shri Shish Pal Singh S/o Shri Puran Singh and Smt. Sharda Devi W/o Shri Shish Pal Singh both R/o C-187, Near Hanuman Mandir, New Ashok Nagar, Trilok Puri, New Delhi-110096 have disowned/debarred their Son Mr. Prem Chand S/o shri Shish Pal Singh from their all movable/immovable properties and assets and severed all relations with him due to his misconduct bad behavior, if anybody dealing with him in any manner will do so at his/her/their own risk and responsibility. My clients shall not be responsible for any kind of acts done by him in future.


**HUKAM & ASSOCIATES**
**OFF: 206, SECOND FLOOR**
**H-73, SECTOR-63, NOIDA 201301**

Classifieds

EXPRESS EDUCATION

ANTHRO
IAS 2025
How to Score 300+?
Ask VAID SIR in LIVE INTERACTION
On July 17 @ 2 pm
For details visit www.vaidsics.com

CHAHAL ACADEMY
ADMISSION OPEN FOR
NCERT + GS + CSAT
Foundation Course
OPTIONAL SUBJECTS
PSIR by S. Tyagi Sir
SOCIOLOGY by Prakhar Sir
HISTORY by Suhail Sir
ANTHROPOLOGY by Aman Sir
9313218122, 9625921993
Branches New Delhi | Mumbai | Kolkata | Hyderabad- 20+ Branches Pan-India.







Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
(M): 9212665841, 9212008155


### एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए

# सीयूईटी-यूजी परीक्षा 19 जुलाई को फिर होगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने सीयूईटी-यूजी के 1000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। एनटीए ने सात जुलाई को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी 2024 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की थी और घोषणा की थी कि यदि परीक्षा के संचालन के बारे में छात्रों द्वारा उठाई गई कोई शिकायत सही पाई जाती है तो वह 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करेगा।

एजंसी ने रविवार को पुनः परीक्षा कार्यक्रम की अधिसूचना तो जारी कर दी, लेकिन परिणाम की घोषणा पर चुप्पी साधे रखी, जिसमें पहले ही दो सप्ताह से अधिक की देरी हो चुकी है और अंतिम उत्तर कुंजी अभी तक अधिसूचित नहीं की गई है। सीयूईटी-यूजी परिणाम में देरी ऐसे समय में हुई है, जब नीट और नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद जारी है। एनटीए सूत्रों के अनुसार, अभ्यर्थियों द्वारा चुनी गई भाषा से इतर भाषा में प्रश्नपत्रों का वितरण दोबारा परीक्षा का एक कारण है और लगभग 1000 अभ्यर्थी छह राज्यों में फैले हुए हैं। एक सूत्र ने कहा कि कुछ शिकायतों में गलत प्रश्नपत्र वितरित होने के कारण समय की हानि शामिल है।

> **एनटीए** ने सात जुलाई को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी 2024 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की थी और घोषणा की थी कि यदि परीक्षा के संचालन के बारे में छात्रों द्वारा उठाई गई कोई शिकायत सही पाई जाती है तो वह 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करेगा।

एनटीए जिन 1,000 सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित कर रहा है, उनमें से कुल 250 अभ्यर्थी हजारीबाग के ओएसिस पब्लिक स्कूल से हैं, जो नीट-यूजी प्रश्नपत्र के कथित पर्चाफोड़ के लिए भी जांच के दायरे में है। रविवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सीयूईटी (यूजी) 2024 परीक्षा के संबंध में 30 जून, 2024 तक अभ्यर्थियों से प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ 7-9 जुलाई (शाम 05:00 बजे से पहले) के बीच आनलाइन भेजी गई शिकायतों की समीक्षा की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि इन शिकायतों के आधार पर, प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई, 2024 को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

पांच मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा के दौरान भी गलत प्रश्नपत्र वितरित किया गया था, जिसके कारण एनटीए ने समय की हानि के कारण कृपांक प्रदान किए थे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में विरोध और मुकदमेबाजी के बाद एजंसी ने कृपांक रद्द कर दिए और 1,563 अभ्यर्थियों के लिए वैकल्पिक पुनः परीक्षा की घोषणा की, जिनमें से 813 ने 23 जून को परीक्षा में भाग लिया। मूल रूप से, स्नातक प्रवेश परीक्षा के परिणाम 30 जून को जारी होने वाले थे, लेकिन एनटीए ने परिणाम में देरी कर दी क्योंकि वह नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-यूजीसी-नेट जुड़े पर्चाफोड़ के आरोपों से जूझ रहा था।

# बंगाल में तृणमूल नेता की गोली मार कर हत्या

कोलकाता, 14 जुलाई (एजंसी)।

उत्तर दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर के रामगंज दो नंबर ग्राम पंचायत के श्रीकृष्णपुर इलाके में शनिवार देर रात को अज्ञात अपराधियों ने एक तृणमूल कांग्रेस नेता की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि इस घटना में एक अन्य तृणमूल नेता गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक का नाम बापी राय (36) था। वह रामगंज दो नंबर पंचायत समिति के सदस्य और तृणमूल नेता लप्पी राय के पति थे।

शनिवार रात में स्थानीय पंचायत के कुछ तृणमूल नेता होटल में मिल कर बातें कर रहे थे। तभी अचानक बदमाशों की एक टोली ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में दो तृणमूल नेताओं को गोली लगी। दोनों को इस्लामपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों में से बापी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गोली लगने से मोहम्मद सज्जात गंभीर रूप से घायल हो गए। वह रामगंज पंचायत की मुखिया राजनूर खातून के पति हैं। इस्लामपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डेंडुप शेरपा ने कहा कि गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दूसरा घायल है। आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई है। शनिवार रात तकरीबन करीब साढ़े आठ बजे श्रीकृष्णपुर के मदारीपुर इलाके में एक कार से दस बदमाश आए और गुप्ता होटल में बैठे बापी राय की गर्दन और सीने में नजदीक से गोली मार दी।

# बसपा नेता हत्याकांड के आरोपी को चेन्नई में पुलिस ने मार गिराया

### विपक्ष ने सीबीआइ जांच की मांग उठाई

चेन्नई, 14 जुलाई (भाषा)।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक प्रमुख आरोपी ने रविवार को यहां पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया और हिरासत से भागने की कोशिश की, जिस दौरान उसे मार गिराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कई विपक्षी नेताओं ने हत्या के संदिग्ध आरोपी के थिरुवेंगदम की हत्या के लिए जिम्मेदार घटनाओं के बारे में पुलिस के बयान पर सवाल उठाए और अपनी मांग दोहराई कि बसपा नेता की हत्या की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) से कराई जाए।

विपक्ष ने जब यह पूछना जारी रखा कि क्या गिरफ्तार किए गए लोग 'असली अपराधी' हैं, तो पुलिस ने एक वीडियो क्लिप जारी की, जिसमें कथित तौर पर आरोपी व्यक्तियों को पांच जुलाई को आर्मस्ट्रांग की हत्या करते दिखाया गया है। पुलिस ने कहा कि यह क्लिप अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी रिकार्डिंग से ली गई थी। पुलिस ने बताया कि जब आरोपी के थिरुवेंगदम को जांच के तहत उत्तरी चेन्नई के एक स्थान मनाली ले जाया गया, तो उसने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की, जिसके बाद एक पुलिस अधिकारी ने उसपर गोली चलाई। थिरूवेंगदम को बसपा नेता की हत्या में इस्तेमाल किये जाने के बाद छिपाकर रखे गये हथियारों की बरामदगी के लिए वहां ले जाया गया था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थिरुवेंगदम (30), बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में गिरफ्तार किये गए 11 आरोपियों में से एक था और वह एक कुख्यात अपराधी था। यहां की एक अदालत ने कुछ ही दिन पहले सभी आरोपियों को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। आर्मस्ट्रांग की यहां पांच जुलाई को एक गिरोह ने हत्या कर दी थी, जिसके बाद विपक्षी दलों ने राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाया था। पुलिस और सरकार ने अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कड़े कदम उठाने का आश्वासन दिया था।

# प्रवासी भारतीय भी देश के विकास में बराबर के भागीदार : बिरला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।



> **लोस** अध्यक्ष ने कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद, भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों में उनकी सक्रिय और जीवंत भागीदारी रहती है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के विकास और आधुनिकीकरण में बराबर के भागीदार हैं। रूस में रह रहे भारतीय देश के ब्रांड अंबेसडर हैं और अपने कार्यों, योगदान और उपलब्धियों से ही वे भारत की छवि गढ़ते हैं।

ओम बिरला ने रविवार को मास्को में प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रूस में भारतीय समुदाय के लोगों को अनुशासनप्रिय, मेहनती और कानून का पालन करने वाले प्रवासियों के रूप में जाना जाता है और इन्हीं प्रवासियों ने रूस और भारत दोनों के विकास में योगदान करके प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। बिरला ने कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद, भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों में उनकी सक्रिय और जीवंत भागीदारी रहती है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से रूस में अपनी मातृभूमि के बारे में जानकारी देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने का आग्रह किया। दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध ही हमारे द्विपक्षीय संबंधों का आधार हैं। रूस के लोगों के मन में भारतीय संस्कृति व विविधताओं के बारे में जानने की उत्सुकता है और वे भारत की समृद्ध सनातन संस्कृति, योग, पुरातन ज्ञान और यहां की विविधताओं के बारे में रूस के लोगों को जानकारी दें और उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित करें। भारत और रूस के बीच संबंधों के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि दोनों देशों के संबंध परस्पर विश्वास और सम्मान पर आधारित हैं। जब भी भारत या रूस को किसी चुनौती का सामना करना पड़ा है, दोनों देशों ने एक-दूसरे का साथ दिया है। भारत और रूस के बीच एक अनूठा रिश्ता रहा है, दोस्ती का और परिवार का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि रूस भारत के सुख-दुख का साथी रहा है और भारत का भरोसेमंद दोस्त भी है।

# केपी शर्मा ओली नेपाल के प्रधानमंत्री नियुक्त

काठमांडू, 14 जुलाई (भाषा)।

नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली नई मंत्रिपरिषद के साथ सोमवार को शपथ लेंगे। शुक्रवार देर रात ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया और प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र सौंपा, जिसपर उनकी पार्टी से 77 तथा नेपाली कांग्रेस से 88 सदस्यों के दस्तखत थे। पिछले हफ्ते की शुरुआत में, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने नयी गठबंधन सरकार बनाने के लिए सात सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



> **केपी शर्मा** को नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि प्रधानमंत्री का शेष कार्यकाल बारी-बारी से उनके बीच साझा किया जाएगा। समझौते के मुताबिक, पहले चरण में ओली 18 महीने तक प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ओली सोमवार को एक छोटी मंत्रिपरिषद का गठन करेंगे। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों के भी सरकार में शामिल होने की संभावना है। ओली ने 11 अक्टूबर 2015 से तीन अगस्त 2016 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान नयी दिल्ली के साथ काठमांडू के संबंध तनावपूर्ण रहे। इसके बाद वह पांच फरवरी 2018 से 13 मई 2021 तक फिर प्रधानमंत्री रहे। इसके बाद भी वह तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी की वजह से 13 मई 2021 से 13 जुलाई 2021 तक पद पर बने रहे।

# गोमुख मार्ग क्षतिग्रस्त, आवाजाही पर रोक

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 14 जुलाई।

लगातार हो रही बारिश के कारण गोमुख मार्ग के कई जगह क्षतिग्रस्त होने के मद्देनजर गंगोत्री पार्क प्रशासन ने लोगों के गोमुख जाने पर रोक लगा दी है। पार्क प्रशासन ने इस संबंध में गंगोत्री धाम और कनखू अवरोधक पर नोटिस बोर्ड लगा दिए हैं जिनमें कहा गया है कि गोमुख मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है, इसलिए उस पर आवाजाही बंद की गई है।

श्रद्धालुओं के अतिरिक्त सावन के महीने में चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान अनेक कांवड़िए गंगा जल भरने के लिए गोमुख तक जाते हैं। पिछले दिनों गंगोत्री नेशनल पार्क के देवगाड़, चीड़बासा, भोजगड्डी नाले उफान पर आ गए थे, जिससे वहां एक पुलिया बह गई थी और उसी दौरान वहां से गुजर रहे दिल्ली निवासी दो कांवड़िए बह गए थे।

**बैठक** | अजित पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से कहा

# संविधान को लेकर झूठी बातों पर विश्वास न करें

बारामती, 14 जुलाई (भाषा)।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे उन पर भरोसा करें और प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संविधान बदलने संबंधी फैलाई जा रही झूठी बातों पर विश्वास न करें। पुणे जिले के बारामती में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि जब तक हम जिंदा हैं, कोई भी संविधान को बदलने की हिम्मत नहीं करेगा।

अजित ने कहा कि वह सत्ता का इस्तेमाल गरीबों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए करने में विश्वास रखते हैं और पिछले महीने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा पेश किया गया राज्य बजट इस उद्देश्य को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन और विकास मेरी पार्टी का एजेंडा है, जबकि मेरे विरोधियों ने झूठी बातें फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अजित ने अपने समर्थकों से उन पर भरोसा करने को कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से चीनी का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी इस 'फर्जी दुष्प्रचार' पर विश्वास नहीं करना चाहिए कि दूध, पाउडर और प्याज का आयात किया जा रहा है।

> **अजित** ने कहा कि वह सत्ता का इस्तेमाल गरीबों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए करने में विश्वास रखते हैं और पिछले महीने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा पेश किया गया राज्य बजट इस उद्देश्य को उजागर करता है। गरीबी उन्मूलन और विकास मेरी पार्टी का एजंडा है, जबकि मेरे विरोधियों ने झूठी बातें फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

उन्होंने कहा कि राकांपा और सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी जाति या धर्म के किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा भी शामिल हैं। अजित ने कहा कि भावुक होने से विकास सुनिश्चित नहीं होगा बल्कि हमें अथक परिश्रम करना होगा। राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर वह आगामी विधानसभा चुनावों तक राज्य का दौरा करेंगे। राज्य में चुनाव अक्टूबर में होने हैं।

अजित ने कहा कि लड़की बहन योजना (महिलाओं को वित्तीय सहायता), तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, लड़कियों के लिए मुफ्त कालेज शिक्षा, किसानों के लिए मुफ्त बिजली और युवाओं के लिए कुशल उद्यमिता जैसे उपायों को बजट में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने दावा किया कि जिस दिन (9 जुलाई को) आरक्षण मुद्दे पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री शिंदे द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी, उसी शाम पांच बजे बारामती से एक आ''ान किया गया और सभी विपक्षी नेताओं ने बैठक का बहिष्कार कर दिया।

बारामती विपक्षी राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार का गढ़ है। भुजबल ने कहा कि क्या वरिष्ठ नेताओं को जातिगत तनाव को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठाना चाहिए। हम मराठा और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के बीच जातिगत विभाजन देख रहे हैं। हम चाहते हैं कि मराठों को आरक्षण मिले, लेकिन ओबीसी की कीमत पर नहीं।

| मौसम | | |
|---|---|---|
| तापमान | नई दिल्ली | |
| अधिकतम-37 | | सूर्योदय- 05:32 |
| न्यूनतम- 28 | | सूर्यास्त- 07:21 |

## खबर कोना



*नई दिल्ली :* गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार को एक नहर में नहाते बच्चे।

# डूसू कार्यालय में तोड़फोड़, एबीवीपी ने उपाध्यक्ष अभि दहिया पर लगाया आरोप

## सुबह तीन से चार बजे के बीच की घटना, चालीस के खिलाफ शिकायत दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) कार्यालय में रविवार तड़के तीन से चार बजे के बीच तोड़फोड़ की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और नेशनल स्टूडेंटस यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआइ) ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। एबीवीपी ने एनएसयूआइ से उपाध्यक्ष अभि दहिया, यश नांदल, रौनक खत्री, सिद्धार्थ सहित लगभग 40 लोगों पर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

एबीवीपी का कहना है कि प्रत्यक्षदर्शी सुरक्षाकर्मी ने कहा कि तोड़फोड़ से पहले उक्त लोग डूसू कार्यालय परिसर में पीछे की तरफ डूसू उपाध्यक्ष के कमरे में बैठकर शराब पी रहे थे। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि एबीवीपी इस मामले में डीयू कुलपति व दिल्ली पुलिस आयुक्त से मिलेगी। हमारी मांग है कि इस मामले में शामिल डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया व अन्य लड़कों को तुरंत पुलिस गिरफ्तार करे और डीयू प्रशासन अभि दहिया को तुरंत उपाध्यक्ष पद से हटाए। वहीं, एनएसयूआइ से उपाध्यक्ष अभि दहिया ने कहा कि उनके कार्यालय पर एबीवीपी समर्थकों द्वारा हमला किया गया। उनकी ये प्रतिक्रिया मेरे द्वारा एबीवीपी से डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा की फर्जी डिग्री का खुलासा करने के बाद आई है। इस धमकी के बावजूद मैं अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं। एबीवीपी मुझे व हमारे संगठन एनएसयूआइ को बदनाम करने की साजिश रच रही है। मैं कानूनी कार्रवाई कर-के और अदालत में सच्चाई लाकर इस साजिश का पर्दाफाश करूंगा।

*एनएसयूआइ* से उपाध्यक्ष अभि दहिया ने कहा कि उनके कार्यालय पर एबीवीपी समर्थकों द्वारा हमला किया गया। उनकी ये प्रतिक्रिया मेरे द्वारा एबीवीपी से डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा की फर्जी डिग्री का खुलासा करने के बाद आई है। धमकी के बाद मैं अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

*तुषार* ने आरोप लगाया कि अभि दहिया ने 40 से अधिक समर्थकों को बुलाकर कार्यालय में शराब पी और सुबह करीब तीन बजे तोड़फोड़। इस दौरान उन्होंने उनकी घड़ी भी लूट ली।

**डूसू अध्यक्ष ने दर्ज कराई शिकायत :** डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने कार्यालय में तोड़फोड़ के मामले में एनएसयूआइ से डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया सहित 40 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि दहिया दबाव बना रहे थे कि उन्हें डूसू फंड के 18 लाख रुपए गबन करने दें।

# जेल में बंद मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य को 'गंभीर' खतरा : आतिशी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को आरोप लगाया कि न्यायिक हिरासत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को 'गंभीर' खतरा है।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं से कहा कि मधुमेह से पीड़ित केजरीवाल का शुगर लेवल खतरनाक रूप से कम हो गया है। तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान के साथ खिलवाड़ चल रहा है। आतिशी ने कहा 'भाजपा ने केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल में डालने की साजिश रची। उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। उनका वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और सोते समय उनका शुगर स्तर पांच बार 50 से नीचे चला गया। यह विशेष रूप से मधुमेह रोगी के लिए चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि अगर केजरीवाल को स्ट्रोक आता है, अगर उनके मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है या उन्हें स्थायी क्षति पहुंचती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? मंत्री ने दावा किया कि जेल में आप प्रमुख को उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। जब मंत्री से पूछा गया कि क्या वे इस मामले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे, तो उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वे अपने वकीलों और डाक्टरों से सलाह ले रहे हैं। आतिशी ने कहा कि भाजपा को पता होना चाहिए कि अगर अरविंद केजरीवाल को कुछ हुआ तो न सिर्फ देश बल्कि भगवान भी उन्हें माफ नहीं करेगा।

बता दें कि इस प्रेस कांफ्रेंस में दो स्वास्थ्य विशेषज्ञ डाक्टर संदीप कुमार, (एमडी इंटरनल मेडिसिन) व डाक्टर निम्मी रस्तोगी भी मौजूद रहे। जिन्होंने कहा कि, हाइपोग्लाइसीमिया बहुत खतरनाक स्थिति है। अगर शुगर लेवल 50 से नीचे जाता है तो मात्र 20 से 30 मिनट के अंदर मरीज की जान जा सकती है।



*कहा*, भाजपा ने केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल में डालने की साजिश रची। भाजपा को पता होना चाहिए कि अगर अरविंद केजरीवाल को कुछ हुआ तो न सिर्फ देश बल्कि भगवान भी उन्हें माफ नहीं करेगा।

## दिल्ली मेट्रो आज से फीडबैक सर्वेक्षण करेगी शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

दिल्ली मेट्रो अपनी सेवाओं और मेट्रो स्टेशनों पर विभिन्न सुविधाओं के बारे में यात्रियों से 'फीडबैक' लेने के लिए सोमवार से 10वां ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण करेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने रविवार को कहा कि 15 जुलाई से 14 अगस्त तक एक महीने तक चलने वाले आनलाइन सर्वेक्षण में, एक व्यापक प्रश्नावली के माध्यम से यात्रियों से अलग-अलग विषयों पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी। बयान में कहा गया है कि सर्वेक्षण में सुधार के लिए सुझाव भी मांगे जाएंगे। यात्री डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस सर्वेक्षण में हिस्सा ले सकते हैं।

## आइपीयू के दो पाठ्यक्रमों में 15 तक आवेदन का अवसर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

आइपीयू के एम प्लान (अर्बन एंड रीजनल प्लानिंग) और एम आर्किटेक्चर (अर्बन डिजाइन) पाठ्यक्रम में 15 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। ये दोनों पाठ्यक्रम आइपीयू के पूर्वी दिल्ली परिसर स्थित 'यूनिवर्सिटी स्कूल आफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग' में उपलब्ध हैं। बता दें कि एम प्लान में 20 व एम आर्किटेक्चर में 40 सीटें हैं। इन दोनों पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए कोई सीईटी नहीं हैं। योग्यता परीक्षा के मेरिट पर दाखिले दिए जाते हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबद्ध किसी भी जानकारी के लिए आइपीयू के प्रोजेक्ट इंचार्ज, 'यूनिवर्सिटी स्कूल आफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग' से संपर्क किया जा सकता है।

## नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

द्वारका जिला नजफगढ़ थाना पुलिस ने 12.44 ग्राम हेरोईन के साथ नशीले पदार्थ की तस्करी के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार को उस समय दबोचा जब वह हेरोईन के साथ ग्राहक का इंतजार कर रहा था। वह हेरोईन मापने के लिए बिजली का छोटा मापतौल मशीन भी साथ रखता था। मनोज गुरुग्राम में पहले भी इस तरह के मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

# लोकतंत्र और आंतरिक मर्यादा का अन्योन्याश्रय संबंध है : राजनाथ सिंह

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

प्रभाष जोशी के 88वें जन्मदिवस पर रविवार को प्रभाष परंपरा न्यास ने प्रभाष प्रसंग कार्यक्रम का आयोजन किया। न्यास के प्रबंध न्यासी रामबहादुर राय ने कहा कि प्रभाष परंपरा न्यास प्रभाष जोशी का पोस्टमैन है। कार्यक्रम में प्रभाष जोशी के लेखों के संग्रह से बनी -'ओटन लगे कपास' और 'घंटी तो बजनी है', दो किताबों का लोकार्पण भी हुआ।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपना लिखित स्मारक व्याख्यान न्यास को भेजा था। सिंह ने कहा कि लोकतंत्र और संसदीय मर्यादा का अन्योन्याश्रय संबंध है। भारत लोकतंत्र की जननी है। भारत के संविधान में लोकतंत्र की विधिक प्रणाली है। संसद की मर्यादा अनूठी है।

सांसदों के व्यवहार से संसद की छवि बनती है। संसद की मर्यादा सांसदों के सुनने और कहने की मर्यादा, दोनों में समाहित है। संसदीय मर्यादा बार बार टूटने पर उन्होंने लोकतंत्र पर सवाल खड़े किए हैं। जद एकी के महासचिव केसी त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप में आपातकाल की चर्चा करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के जन्म के साथ आंतरिक लोकतंत्र का खात्मा हो गया था।

बनवारी ने लोकतांत्रिक राजनीति, संविधान और संसदीय राजनीति के बारे में विस्तार से बताया। व्याख्यान के बाद कालापनी कोमकली ने कबीर गायन प्रस्तुत किया।

*भारत* लोकतंत्र की जननी है। भारत के संविधान में लोकतंत्र की विधिक प्रणाली है। संसद की मर्यादा अनूठी है। सांसदों के व्यवहार से संसद की छवि बनती है।

## जांच के नाम पर रोककर नकदी व मोबाइल लूटा, दो आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली, 14 जुलाई (संवाददाता)।** कापसहेड़ा पुलिस ने जांच के नाम पर रोककर नगदी और मोबाइल लूटपाट के मामले में दो बदमाशों शौबाज और दुलाल शेख को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को पीसीआर से सूचना मिली थी कि मसूदपुर के लवकुश नामक युवक को डीडीए पार्क के पास जांच के लिए रोका गया और फिर उसका मोबाइल फोन और पास में रखे आठ सौ रुपए लूट लिए गए।

## बीएसईएस अधिकारी बनकर 12 लाख मांगने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

बीएसईएस अधिकारी बनकर जबरन 12 लाख मांगने वाले तीन आरोपियों को न्यू फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और एक मोबाइल बरामद हुआ है। वहीं, गिरफ्तार बदमाशों की पहचान लोधी रोड निवासी 62 वर्षीय शम्मी चड्ढा, महरौली निवासी 59 वर्षीय दिलेश कुमार पारस और संगम विहार निवासी 46 वर्षीय शकील अहमद के तौर पर हुई है। तीनों पहले भी कई लोगों से बीएसईएस का अधिकारी बन जबरन वसूली कर चुके है।

*पूछताछ* में पता चला कि वे लोग बीएसईएस अधिकारी बनकर निर्माणाधीन प्लाट पर जाते थे।

जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 10 जुलाई को न्यू फ्रेंड्स कालोनी थाने को एक घर से फर्जी बीएसईएस अधिकारी बन जबरन 12 लाख रुपए मांगने की पीसीआर से सूचना मिली थी। सूचना के बाद तुरंत पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। शिकायतकर्ता की शिकायत पर रंगदारी मांगने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसमें संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार दिखाई पड़े। फिर मोटरसाइकिल नंबर की मदद से उसके मालिक का मोबाइल नंबर निकाला गया।

# दिल्ली की अदालत ने व्यक्ति को बलात्कार के मामले में किया बरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति को करीब नौ साल पहले लगे बलात्कार के आरोप से बरी कर दिया और कहा कि कथित पीड़िता की गवाही स्पष्ट, ठोस, विश्वसनीय या भरोसेमंद नहीं है और न ही उसके आरोपों की अन्य भौतिक साक्ष्यों से पुष्टि हुई। आरोपी महेंद्र के खिलाफ मामले की सुनवाई तीस हजारी जिला अदालत की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रियंका भगत कर रही थीं। महेंद्र के खिलाफ सब्जी मंडी पुलिस थाने ने बलात्कार और आपराधिक धमकी के दंडात्मक प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, युवती को 2014 में महेंद्र नैनीताल ले गया जहां उसने उसके खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया, बेहोश होने के बाद उसने उससे बलात्कार किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया। युवती ने दावा किया कि दिल्ली लौटने के बाद आरोपी ने वीडियो क्लिप को प्रसारित करने की धमकी दी और उसे बंधक बनाकर एक निर्माणाधीन इमारत में फिर से बलात्कार किया।

अदालत ने नौ जुलाई को अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष का पूरा मामला युवती के बयान पर आधारित था, अदालत ने कहा कि उसके खाने में नशीला पदार्थ मिलाने की घटना के बारे में उसके बयान में कुछ बड़े विरोधाभास थे, जिससे उसके बयानों की विश्वसनीयता प्रभावित हुई।

*अदालत* ने कहा कि उसकी गवाही में भी कुछ बदलाव हुआ है। गवाहों के बयानों में दिखाई देने वाले विरोधाभास और विसंगतियां अभियोजन पक्ष की कहानी पर गंभीर संदेह पैदा करती हैं।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Govt. of India Undertaking)
(एक नवरत्न कम्पनी)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

आईसीडी, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110020

**सार्वजनिक नीलामी/निविदा सूचना**

**ई-नीलामी के माध्यम से क्लीयर न किए गए/अदावाकृत आयातित कार्गो का निपटान करना**

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड, उत्तरी क्षेत्र, उत्तरी मध्य क्षेत्र व पूर्वी क्षेत्र के उन कंटेनरों पर या **31.01.2024** से पहले एरिया 1 और एरिया 4 के टर्मिनलों पर पड़े रद्दी वस्तुओं, खाली पड़े क्षतिग्रस्त कंटेनरों और अदावाकृत/क्लीयर ना किये गए आयातित कार्गो की ई-नीलामी के माध्यम से **29.07.2024** को **"जैसा है जहाँ है के आधार पर"** नीलामी करेगा। **नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तों एवं कार्गो विवरणों के साथ सभी विवरण 15.07.2024** से www.concorindia.co.in एवं **www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध होंगे।** सभी आयातकों जिनमें सरकारी उपक्रम/विभाग भी शामिल हैं, के कंटेनर/सामान किसी विवाद, न्यायालय/अधिकरणों/अन्यों द्वारा दिये गए स्थगन के कारण या ऐसे किसी ऐसे अन्य कारण से संबन्धित टर्मिनलों पर अदावाकृत/क्लीयर न किए गए पड़े है और वेबसाइट में अपलोड की गई उक्त सूची में आते हैं, वे संबन्धित कार्यकारी निदेशक, एरिया 1 और एरिया 4 कॉनकॉर और संबंधित कमीशनरी, सीमा शुल्क आयुक्त को तदनुसार सूचित कर सकते है और इस सूचना के 7 **(सात दिनों)** के भीतर ऐसे सामानों के निपटान के संबंध में अपनी आपत्तियों/दावे दर्ज करा सकते है। ऐसा नहीं करने पर और कोई सूचना दिये बगैर सामानों की **"जैसा है जहाँ है के आधार पर"** नीलामी कर दी जाएगी। पूर्ण विवरण के लिए कृपया www.concorindia.co.in एवं www.mstcecommerce.com पर लॉग ऑन करें।

**कार्यकारी निदेशक, एरिया 1**

**कब्जा सूचना**

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत जना स्मॉल फाइनांस बैंक लिमिटेड (पूर्व में जनलक्ष्मी फाइनांसियल सर्विसेस लिमिट विदित) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना जारी कर ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि आगे के लागू होने वाले ब्याज तथा भुगतान एवं/अथवा वसूली की तिथि तक वहन की गई अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ उनके संबंधित नामों के समक्ष वर्णित राशि ऋणधारकों को वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

| क्रम सं. | ऋण सं. | ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ गारंटर/मार्टगैजर | 13(2) सूचना तिथि/ तिथि को बकाया देयता (रु.) | कब्जा की तिथि/समय एवं प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 30689610000619 | 1) श्री शान मोहम्मद (आवेदक) 2) श्रीमती रिजवाना (सह-आवेदक) | 07.05.2024/ 06.05.2024 रु. 15,82,491/- (रु.पन्द्रह लाख बयासी हजार चार सौ इक्यानबे मात्र) | तिथि : 12.07.2024 समय : 10.30 पूर्व. सांकेतिक कब्जा |
| | **प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण** : श्रीमती रिजवाना, पत्नी श्री सलीम के स्वामित्व में ग्राम जलपुरा, परगणा एवं तहसील दादरी, जिला गौतमबुध नगर, उ.प्र. के क्षेत्र में स्थित खसरा नं. 453 में क्षेत्रफल माप 90 वर्ग याईस। चौहद्दी : पूर्व : रहीस का मकान, पश्चिम : कमरुद्दीन का मकान, उत्तर : 15 फीट रोड, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति | | | |
| 2. | 47939610001421 | 1) श्री संदीप तिवारी (आवेदक) द्वारा उसके एल आर्स, क) श्री भगत सिंह, ख) श्रीमती शीला, ग) श्रीमती रविता, घ) सुश्री लक्षिका पन्नू, द्वारा उसके कानूनी अभिभावक श्रीमती रविता (माता) ड.) श्री मनीत पन्नू द्वारा उसके अभिभावक श्रीमती रविता (माता) 2. श्रीमती रविता (सह-आवेदक) | 17.04.2024/ 15.04.2024 को रु. 22,22,445/- (रु. बाईस लाख बाईस हजार चार सौ पैंतालिस मात्र) | तिथि : 11.07.2024 समय : 02.11 अप. सांकेतिक कब्जा |
| | **प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण:** श्रीमती रविता, पत्नी श्री संदीप के स्वामित्व में ग्राम नवादा, दिल्ली राज्य दिल्ली, एरिया आबादी ओम विहार, फेज 1 के नाम से विदित कॉलोनी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 की राजस्व सम्पदा में स्थित सम्पूर्ण दूसरा तल, छत/टैरेस के अधिकार के बिना, निर्मित सम्पत्ति प्लॉट नं. 88, माप 70 वर्ग यार्ड्स जो खसरा नं. 796 में शामिल है। चौहद्दी : पूर्व : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति, उत्तर : 12 फीट चौड़ा रोड, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति। | | | |

जैसा कि ऋणधारक/सह-ऋणधारक/गारंटर/मार्टगैजर्स इस बकाया राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, ऊपर वर्णित तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि **जना स्मॉल फाइनांस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमावली के नियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त तिथि को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों/गारंटर्स/सह-ऋणधारक/मार्टगैजर्स तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति/उक्त सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय जना. स्मॉल फाइनांस बैंक लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

स्थानः दिल्ली
तिथिः 15.7.2024

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
कृते, जना स्मॉल फाइनांस बैंक लिमिटेड

**जना स्मॉल फाइनांस बैंक**
(अनुसूचित वाणिज्य बैंक)

**पंजीकृत कार्यालयः** दि फेयरवे, भू एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला ईनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बैंग्लौर-560071 **शाखा कार्यालयः** 16/12, 2रा तल, डब्ल्यू.ई.ए., आर्य समाज रोड, करोलबाग, नई दिल्ली-110005

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 501, सॉलकन ऑरम, जसोला जनपद केन्द्र, नई दिल्ली-110025
सीआईएन : यू65900डीएल2020पीएलसी366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से प्राप्त किए गए स्वर्ण ऋण/ऋणानेक जो हैं वे बैंक द्वारा निर्गत व्यक्तिगत सूचनाओं सहित अनेक मांगों एवं सूचनाओं के बाद भी उनके द्वारा समायोजित नहीं किए गए हैं। समस्त ऋणकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे गए स्वर्णाभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है तथा तदनुसार **29-07-2024** को **अप. 03.00 बजे** उन शाखा परिसरों में नीलामी की तिथि के रूप में निर्धारित किया गया है जहां से ऋण प्राप्त किया गया था / किए गए थे। ऋणकर्ताओं सहित समस्त सर्वसाधारण, खाताधारक और जनसाधारण नीलामी के नियमों एवं शर्तों के अनुसार इस नीलामी में प्रतिभागिता कर सकते हैं।

| शाखा | खाता संख्या | खाताधारक का नाम | पिता / पति-पत्नी का नाम | पता : | खाता खोलने की तिथि | पेऑफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चिलकाना रोड | 100942513317 | मंगेराम | पुत्र सुभाष | 206 चिलकाना रोड हलालपुर खंड-2 सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247001 | 27/04/2023 | 571256.34 |
| नोएडा-18 | 100742599748 | भिक्खु | पुत्र सतीश | गांव - यादकुदपुर, पी. एस. - नॉलेज पार्क, निकट - बारात घर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201304 | 11/08/2023 | 21873.37 |
| चिलकाना रोड | 100942513288 | अंकित कश्यप | पुत्र अशोक कुमार | नजदीक शिव मंदिर शंकर पुरी सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247001 | 21/04/2023 | 24801.66 |
| नानौता | 101342510250 | सीमा सोम | पुत्री विक्रम सिंह | खवाजहांपुर कुशावली मेरठ उत्तर प्रदेश 250342 | 29/11/2023 | 52246.73 |
| चिलकाना रोड | 100942513325 | शहजाद अहमद | पुत्र खुर्शीद अहमद | मकान नंबर 11 964 21 गली नंबर 5 अली अहंगरन सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247001 | 29/04/2023 | 185648.02 |
| गाजियाबाद | 101542512924 | अंकित त्रिवेदी | पुत्र अनिल कुमार त्रिवेदी | 121, पूरनपुर, अनिल कुमार त्रिवेदी, जारी, हमीरपुर, पीलीभीत, शिव मंदिर, पूरनपुर, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश 262122 | 04/12/2023 | 62009.18 |
| गाजियाबाद | 101542511932 | अल्तमस | पुत्र नैमुद्दीन | X 559 कैंप नंबर 1 नांगलोई पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली 110041 | 26/06/2023 | 48537.29 |
| गाजियाबाद | 101542512340 | शाका प्रवीण | पुत्र फैयाज अहमद | मकान नंबर एम 243 एम ब्लॉक, सुंदर नगरी नंद नगरी उत्तर पूर्व उत्तर पूर्व दिल्ली 110093 | 27/09/2023 | 72798.33 |
| मुजफ्फरनगर | 101842510600 | खैरुन्निसा | पुत्र मोह. शहजाद | 61 किदवई नगर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251002 | 28/08/2023 | 51294.25 |
| चिलकाना रोड | 100942513622 | गुलबहार | पुत्र तौफिक | प्रिंस कॉलोनी पुराना सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247001 | 06/09/2023 | 10371.28 |
| गाजियाबाद | 101542512254 | केविन कुमार | पुत्र कुलदीप कुमार | क्वारसी बाइ पास रोड, दिल्ली सहर रेजीडेंसी कुलदीप विहार अलीगढ़ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश 202001 | 08/09/2023 | 70205.14 |
| गाजियाबाद | 101542512918 | प्रियंका वर्मा | पुत्री आर एस वर्मा | ई 308 प्रेम नगर 0 लाइन पार, मझौला मुरादाबाद, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश 244001 | 04/12/2023 | 746928.19 |
| गाजियाबाद | 101542512964 | निधि सिंह | पुत्र दिनकर प्रसाद सिंह | दिनकर प्रसाद सिंह बी 509 मार्वल होम्स, सेक्टर 61 गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201301 | 07/12/2023 | 503404.52 |
| नागल | 101142510648 | सलमान | पुत्र गुलबहार | 449 मक्का मस्जिद के पास पंडोली पंडौली सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247551 | 07/12/2023 | 54440.69 |
| देवबंद | 100442511159 | सलमान | पुत्र गुलबहार | 449 मक्का मस्जिद के पास पंडोली पंडौली सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247551 | 24/01/2024 | 231568.97 |
| देवबंद | 100442511187 | सलमान | पुत्र गुलबहार | 449 मक्का मस्जिद के पास पंडोली पंडौली सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247551 | 26/02/2024 | 43411.54 |
| गाजियाबाद | 101542512925 | तुषार राय | द्वारा निकी कुमारी | 1003, वर्धमान, ब्लॉक एच, सेक्टर-67, गुड़गांव, अंसल एसेंशिया गुरुग्राम हरियाणा 122103 | 04/12/2023 | 65555.17 |
| इंदिरापुरम | 101942516217 | तुषार राय | पुत्र वीरेंद्र राय | 1003, वर्धमान, ब्लॉक एच, सेक्टर-67, गुड़गांव, अंसल एसेंशिया गुरुग्राम हरियाणा 122103 | 05/07/2023 | 60741.87 |
| गाजियाबाद | 101542512099 | अंजलि राजपूत | पुत्री स्वर्गीय अजय कुमार | बी 34, नंद ग्राम, मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के पास, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201001 | 28/07/2023 | 73805.93 |
| गाजियाबाद | 101542512779 | अंजलि राजपूत | पुत्री स्वर्गीय अजय कुमार | बी 34, नंद ग्राम, मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के पास गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201001 | 21/11/2023 | 94344.48 |
| इंदिरापुरम | 101942517138 | अंजलि राजपूत | पुत्री स्वर्गीय अजय कुमार | बी 34, नंद ग्राम, मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के पास गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201001 | 13/03/2024 | 89995.08 |
| गाजियाबाद | 101542512386 | अभिषेक पति | पुत्र आशीष कुमार पति | ई 55 ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव 1 ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 साउथ दिल्ली साउथ ईस्ट दिल्ली 110048 | 06/10/2023 | 131884.54 |
| गाजियाबाद | 101542513617 | अभिषेक पति | पुत्र आशीष कुमार पति | ई 55 ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव 1 ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 साउथ दिल्ली साउथ ईस्ट दिल्ली 110048 | 05/02/2024 | 185827.92 |
| गाजियाबाद | 101542512822 | निखिल सिंह | - | एच 32 गली नंबर 3 शकरपुर दिल्ली शकरपुर बारामद ईस्ट दिल्ली दिल्ली 110092 | 25/11/2023 | 18523.17 |
| गाजियाबाद | 101542513149 | निखिल सिंह | - | एच 32 गली नंबर 3 शकरपुर दिल्ली शकरपुर बारामद ईस्ट दिल्ली दिल्ली 110092 | 23/12/2023 | 41067.97 |
| गाजियाबाद | 101542512443 | निखिल सिंह | - | एच 32 गली नंबर 3 शकरपुर दिल्ली शकरपुर बारामद ईस्ट दिल्ली दिल्ली 110092 | 13/10/2023 | 49637.84 |
| गाजियाबाद | 101542513039 | निखिल सिंह | - | एच 32 गली नंबर 3 शकरपुर दिल्ली शकरपुर बारामद ईस्ट दिल्ली दिल्ली 110092 | 14/12/2023 | 14183.21 |
| गाजियाबाद | 101542513774 | शिल्पी एस जाट | पुत्री पुत्तन कश्यप | चंदन सिंह एफ 1206 ऐस एस्पायर ग्रेटर नोएडा डी मार्ट के पास गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201206 | 16/02/2024 | 66796.53 |
| गाजियाबाद | 101542512450 | शिल्पी एस जाट | पुत्री पुत्तन कश्यप | चंदन सिंह एफ 1206 ऐस एस्पायर ग्रेटर नोएडा डी मार्ट के पास गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201206 | 14/10/2023 | 68436.11 |
| गाजियाबाद | 101542513305 | शिल्पी एस जाट | पुत्री पुत्तन कश्यप | चंदन सिंह एफ 1206 ऐस एस्पायर ग्रेटर नोएडा डी मार्ट के पास गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201206 | 08/01/2024 | 19980.50 |
| मुजफ्फरनगर | 101842510623 | विशाल | पुत्र राजबीर सिंह | लाल कोठी के पास गंध नगर कुकरा मुजफ्फरनगर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251001 | 16/11/2023 | 36382.87 |

**नीलामी तिथि 29-07-2024 को अप. 03.00 बजे है**

**बैंक के पास बिना कोई पूर्व सूचना दिये नीलामी से किसी खाता को समाप्त करने अथवा नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।**

**प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## खबर कोना

### बिजली के बढ़े बिल को लेकर भाजपा आज करेगी प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को प्रेसवार्ता में दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जयंत नाथ को लिखे पत्र की प्रति जारी की। जिसमें उन्होंने भारी पीपीएसी, पेंशन अधिभार, मीटर शुल्क, लोड अधिभार आदि के मुद्दे पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही यह भी बताया कि भाजपा दिल्ली प्रदेश पीपीएसी व अन्य सरचार्ज के विरोध में सोमवार 15 जुलाई को दिल्ली के अपने सभी 14 जिलों में बिजली दफ्तरों पर प्रदर्शन करेगी।

### बुढेला में पंचायत, 18 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्ताव मंजूर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

दिल्ली देहात के गांव बुढेला में रविवार को गांवों को मालिकाना हक देने बढ़ाने के मुद्दे को लेकर पंचायत हुई। दिल्ली पंचायत संघ की अगुवाई में पंचों ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि लाल डोरा व विस्तारित लाल डोरा खत्म कर मालिकाना हक उनकी प्राथमिक मांग है। उन्होंने बताया कि आज पड़ोसी राज्य हरियाणा लाल डोरा से मुक्ति का जश्न मना रहा है। जबकि दिल्ली में इसे बनाए रखा गया है। दिल्ली के ग्रामीण बिजली व पानी के नए कनेक्शन के लिए भी ठोकर खा रहे हैं। सरकार गांवों को मालिकाना हक जल्द दे, गृहकर माफ करें और बिजली-पानी के कनेक्शन जल्द बहाल किए जाए समेत अन्य मांग पूरी की जाए।

### हत्या के प्रयास के मामले में भगोड़ा घोषित बदमाश दबोचे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

अपराध शाखा ने डाबड़ी में हत्या के प्रयास के एक मामले में भगोड़ा घोषित बदमाशो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मनीष और मोनू की तलाश लंबे समय से पुलिस को थी। शाखा के पुलिस उपायुक्त के मुताबिक उत्तमनगर के महावीर एन्केल्व का रहना वाला रोहित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सात आठ महीने पहले उसने पिंटू नामक युवक को पांच हजार रुपए उधार दिए थे। वापस मांगने पर दोनों में झगड़ा हो गया। बदला लेने के लिए पिंटू ने अपने साथियों सोनू, मोनू, मनीष अंकित के साथ मिलकर रोहित की हत्या की थी।

### राजबीर सोलंकी चुने गए दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के अध्यक्ष

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

दिल्ली के 360गावों की मूल आबादी की प्रतिनिधि संस्था 'दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत' का वार्षिक चुनाव रविवार को नरेश राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें पूर्व कुलपति प्रोफेसर (डा) राजबीर सोलंकी अध्यक्ष चुने गए। उनके अलावा, रेश डबास (कार्यकारी अध्यक्ष), डा दयानंद वत्स भारतीय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), डीयू के प्रोफेसर हंसराज सुमन ((महामंत्री), डा अमित सिंह (उपाध्यक्ष), रामकुमार टोकस (सचिव), मनोज केन (संगठन मंत्री), अनिल कुमार ( सह-सचिव) धीरज पवार (कोषाध्यक्ष) चुने गए।

गाजियाबाद में हादसा

# पिकअप वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत, एक घायल

गाजियाबाद, 14 जुलाई (भाषा) ।

गाजियाबाद जिले के वसुंधरा क्षेत्र में रविवार को पिकअप वाहन से टक्कर लगने पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इंदिरापुरम क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि तीन लोग मोटरसाइकिल से शहर की कनावनी पुलिस चौकी की ओर जा रहे थे, तभी वसुंधरा इलाके में सामने से आ रहे एक पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से इरशाद की संजय नगर संयुक्त अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई एवं शौकत ने दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। सिंह ने बताया कि तीसरे घायल युवक सेहवान का इलाज चल रहा है। उनके अनुसार तीनों युवकों की उम्र 30 साल के आसपास है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप वाहन।

**हादसे के बाद खंभे से टकराई पिकअप**
हादसे के बाद पिकअप सड़क किनारे बिजली के खंभे टकरा टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दरअसल टक्कर लगने के बाद चालक अपना संतुलन खो बैठा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक सईदुल को हिरासत में ले लिया।

# साइबर बदमाशों ने सेवानिवृत्त प्रबंधक से ठगे थे 52 लाख, छह आरोपी दबोचे

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 14 जुलाई।

नोएडा की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपियों ने विदेश जा रहे पार्सल में ड्रग्स होने का झांसा देकर रेलवे के सेवानिवृत्त प्रबंधक को डरा-धमकाकर उनसे 52 लाख रुपए ठगे थे। इसके अलावा भी आरोपियों ने कई लोगों से इसी तरह करोड़ों रुपए ऐंठे हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोबाइल और एक कार बरामद की है।

एसीपी साइबर क्राइम विवेक रंजन राय ने बताया कि पुलिस टीम ने रविवार को राजस्थान निवासी 23 वर्षीय किशन, लखन, महेंद्र, 32 वर्षीय संजय शर्मा, 31 वर्षीय प्रवीण जांगिड़ और 41 वर्षीय शंभू दयाल को गिरफ्तार किया है। ये सभी राजस्थान के अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि ये आरोपी वाट्सएप और स्काइप काल के जरिए लोगों को काल कर विदेश जाने वाले पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहते हैं और उन्हें मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े जाने का झूठा झांसा देते हैं। इसके बाद ये लोगों को डरा-धमका कर डिजिटल अरेस्ट कर लाखों रुपए की नकदी फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर करा लेते हैं। इसके बाद नकदी निकालकर आपस में बांट लेते हैं।

**देशभर में 73 वारदात की**
शुरुआती जांच में पता चला है कि इन आरोपियों ने मई माह में इन आरोपियों ने नोएडा में रहने वाले रेलवे के सेवानिवृत्त प्रबंधक प्रमोद कुमार को डरा-धमका कर 52 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की थी। आरोपियों ने अब तक देशभर में 73 साइबर वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें केरल, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना में चार-चार, महाराष्ट्र में 13, मध्य प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात में तीन-तीन, कर्नाटक में 10, आंध्र प्रदेश में आठ और उत्तर प्रदेश में सात वारदात शामिल हैं।



**रथयात्रा**
नई दिल्ली में रविवार को रथ यात्रा उत्सव के दौरान भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों को ले जाने वाले रथ को खींचते भक्त।

जीटीबी में हत्या का मामला

# अस्पताल के डाक्टर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

दिल्ली सरकार के जीटीबी अस्पताल में 32 वर्षीय एक मरीज की गोली मारकर हुई हत्या के विरोध में अस्पताल के डाक्टरों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने की घोषणा कर दी है। जीटीबी अस्पताल रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने रविवार को कहा कि वार्ड में दिन दहाड़े गोली मार कर युवक का फरार हो जाने की वारदात ने डाक्टरों में दहशत है।

रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रजत शर्मा व उपाध्यक्ष डा पार्थ मिश्र ने कहा कि इस घटना के बाद यहां दहशत का माहौल है। वे यहां काम कर रहे डाक्टर समुदाय की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। लिहाजा तब तक यहां सुरक्षा के संतोषजनक व्यवस्था नहीं हो जाती वे लोग कामकाज नहीं करेंगे। सोमवार से हड़ताल पर रहेंगे। केवल इमरजेंसी सेवा में ही योगदान देंगें। उन्होंने कहा कि इस फैसले से उपराज्यपाल कार्यालय को भी अवगत करा दिया गया है। बता दें कि इस तरह के वारदात यहां लगातार हो रहे हैं। इसी हफ्ते यहां एक मरीज के तीमारदारों द्वारा चिकित्सकों पर हमला कर दिया गया था। दकअसल, बच्चे को जन्म देने के बाद वहां सर्जरी के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी। 40-50 लोगों की भीड़ ने अस्पताल परिसर में घुसकर तोडफ़ोड़ की थी। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वे काम पर लौटे ही थे कि यहां हत्या की वारदात हो गई।

*आपातकालीन* सेवा रहेगी चालू, हड़ताल के फैसले से उपराज्यपाल कार्यालय को भी अवगत करा दिया गया।

# आनलाइन काम के बहाने ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा, सरगना गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

द्वारका साइबर थाना पुलिस टीम ने आनलाइन काम के बहाने ठगी करने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना लक्कू अखिलेश्वर रेड्डी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी के लिए पहले वह लोगों के खाते में पैसे डालता था ताकि विश्वास जम सके। इसके बाद जैसे ही दूसरी तरफ से उसके साथ बातचीत और रुपए का आदान प्रदान होता था उसका फायदा उठाते हुए वह ठगी शुरू कर देता है। वह लोगों से कम पैसा लगाकर ज्यादा वापसी का झांसा देकर ठगी करता था।

जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर द्वारका के अक्षय कुमार नामक व्यक्ति ने बीते साल खुद के साथ ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। कुमार को विश्वास में लेकर क्रिप्टो करेंसी के नाम पर उससे बीस लाख से ज्यादा की ठगी की थी। वापस नहीं होने पर उसने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आइसीआइसीआइ बैक खंगालना शुरू किया तो तेलंगना का खाता नंबर और पता निकला। पुलिस टीम तेलंगना पहुंची और लक्कू रेडडी को दबोच लिया। उसने यह भी बताया कि शिवा नामक एक अन्य व्यक्ति भी ठगी के इस धंधे में शामिल है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

*आरोपी* ठगी के लिए पहले विश्वास जमाने के लिए लोगों के खाते में डालता था पैसा, हैदराबाद से किया गिरफ्तार

## दिल्ली मेरी दिल्ली

### महंगाई की मार

दिल्लीवालों को बिजली-पानी के साथ ही महंगाई की मार का भी सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि दाल-रोटी तो छोड़िए चटनी-रोटी भी थाली से उड़न-छू हो गई है। टमाटर हो, धनिया की पत्ती, लहसुन या फिर हरी मिर्च और आलू सबके दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि हर ओर से लोगों की जेब पर वार पर वार किया जा रहा है। अगर ऐसे में घर पर मेहमान आ जाएं तो पसीना छूट जाता है। वजह बारिश कम, बिचौलियों की बदमाशी ज्यादा दिखाई दे रही है। खुदरा में सब्जी-फल के दामों को बढ़ाकर, जमकर चांदी काट रहे हैं। वहीं अपने वोट से विपक्ष को चोट करने वाला वोटर, महंगाई को काबू में किए जाने का सिर्फ सब्जबाग देख रहा है।

### खुद तो छवि बनाएं

दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक है। लिहाजा दिल्ली में एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के वरिष्ठ प्रवक्ता रहे इन दिनों अपनी दुकानदारी पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। जनता के मुद्दे पर उन्हें ऐसे मुद्दे उपराज्यपाल तक ले जाने में मजा आ रहा है जिसे उनकी पार्टी ने उठाने की हिम्मत नहीं की है। पिछले दिनों वे उपराज्यपाल के पास डीडीए को कन्वर्जन शुल्क देकर प्लाटों को फ्री होल्ड करने का मुद्दा ले गए। ताकि क्षेत्रीय जनता में उनका इमेज इस बात के लिए जाए कि यही वह व्यक्ति है जो हमारी जायज मांगे प्रशासक तक पहुंचा रही है। बेदिल ने जब इसकी तहकीकात की तो पता चला कि नेताजी को अभी तक विधायक बनने का सौभाग्य नहीं मिला है। एक बार टिकट भी मिला लेकिन आप की हवा में वे भी हवा हो गए। अब जब दिल्ली की जनता की मानसिकता थोड़ी आप पार्टी से अलग भी बनती दिख रही है, तो क्यूं न ऐसे मुद्दे उठाएं, जिससे आगे आने वाले विधान सभा चुनाव में क्षेत्रीय जनता के सामने इन बातों को उठाकर अपनी ओर मोड़ा जाए।

### सरकारी आदेश बनाम गुरुजी

समय से विद्यालय पहुंचने की अनिवार्यता के तहत शिक्षकों को आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश का विरोध कर रहे शिक्षकों ने सरकारी विद्यालयों की वास्तविक स्थिति सामने रखकर सरकार को ही आईना दिखाना शुरू कर दिया है। क्या सरकारी विद्यालयों के गिरते स्तर के लिए केवल शिक्षकों की लापरवाही ही जिम्मेदार है, यह शिक्षकों का इस फैसले पर सरकार से सवाल है। विद्यालयों में बच्चों को पुस्तकें, न टपकने वाले भवन, निर्बाध बिजली, इंटरनेट, फर्नीचर और वहां पहुंचने वाले मार्गों की स्थिति जैसे मुद्दों को बताकर सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और उनके कार्यालयों में दिनभर शिक्षकों को प्रताड़ित कर उनके साथ लेनदेन की सौदेबाजी को सरकारी विद्यालयों की दशा बिगाड़े रखने की साजिश करार दिया है। शिक्षकों ने सरकार द्वारा उनकी समस्याओं पर प्रभावी कार्रवाई न होने तक आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने से इनकार कर दिया।

### बिजली बिल ने उड़ाई नींद

दिल्ली में आजकल लोगों को बिल देखते ही करंट लग रहा है। करें भी तो क्या करें बिजली का बिल जो इतना बढ़कर आ रहा है। एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार ने कहा कि इस महीने आए बिजली के बिल ने रातों की नींद हराम कर दी है। मन ही नहीं करता की पंखा या बल्ब जलाया जाए। ऐसा लगता है कि आज तक सस्ती बिजली देने का वादा कर दिल्ली सरकार एकसाथ पूरा बिल वसूलने में लग गई है। यही नहीं कई लोगों को तो यह भी समझ नहीं आ रहा है कि ये पीपीएएसी आखिर है क्या और इसे हम दे क्यों रहे हैं।

### अनूठा डीटीसी

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) भी अनूठी है। लाल-हरी सीएनजी वाली बसों के खस्ता हालत आय दिन सड़कों पर देखी जा सकती है। चालकों का दबी जुबान से कहना है कि बीते दिनों हुई बरसात में उन्हें उन बसों को भी चलाने की हिदायत दी गई जिनमें सीसे पर लगे 'वाइपर' तक नहीं थे। उनकी मानें तो-शिकायत पर खामोशी या नौकरी का विकल्प चुनने को कह दिया जा रहा। डीटीसी के बेड़े में बसों की संख्या इतनी कम हो गई है कि एक बस में दो-दो कंडक्टर की ड्यूटी लगानी पड़ रही है। बीते दिनों जब इस बाबत लोगों ने जानकारी लेनी चाही तो कंडक्टरों ने बताया कि बसे कम हैं और स्टाफ ज्यादा है। लोग खाली न बैठें इसलिए एक बस में दो-दो लोगों को रूट पर भेजा जा रहा है। राहगीरों ने भी चुस्की ली, कहा- 'एक जन आराम करो....ऐसे भी दो सीट कब्जाए बैठे हो'! जब एक साथी थक जाए तो दूसरा काम करो। इसपर कंडक्टर ने भी जवाब दिया-'आराम क्या अब तो नौकरी की पड़ी है....बड़े साहब जेल में हैं....नई बसे आनी नहीं है और पुरानी दम तोड़ रही है....ऐसे में कहीं हमें ही 'सरप्लस' बता कर 'घर न बैछा दें।

### भाजपा हुई आक्रामक

लंबे समय से दिल्ली की सत्ता से दूर भाजपा अब आम आदमी पार्टी पर कहीं अधिक आक्रामक दिख रही है। दिल्ली में जीत के लिए एड़ी चोटी का जोड़ लगा रही है। दिल्ली में करीब छह महीने बाद विधानसभा चुनाव होने है। शराब घोटाले में आप के मुखिया सहित कई पूर्व मंत्री भी जेल में है। ऐसे में मौके और दस्तूर को देखते हुए भी आप सरकार की नाकामियों को जनता के बीच उजागर कर रही है। हाल में ही राजधानी में पानी संकट को लेकर आप सरकार को घेरने के बाद अब बिजली की बढ़ती कीमतों पर सवाल जवाब कर रही है। ऐसे मौके पर दिल्ली भाजपा के साथ दिल्ली के चुने हुए सातों सांसद भी आप सरकार से सवाल जवाब करते दिख रहे है। **-बेदिल**

समस्या | सर्वर ठप होने के कारण उत्तर प्रदेश के राशनकार्डधारी परेशान

# प्रवासी मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है राशन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

एक देश-एक राशनकार्ड योजना के तहत उत्तर प्रदेश के प्रवासी मजदूर जो अभी तक दिल्ली में मुफ्त राशन का लाभ ले रहे थे, उन्हें पिछले दो महीनों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि रोजाना राशन की लाइनों में लगने के बाद भी वो अपना राशन लेने से वंचित रह जाते हैं। इसके पीछे की वजह कोटाधारक, यूपी में सर्वर का काम ना करना बता रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब चार लाख से अधिक प्रवासी मजदूरों व नौकरीपेशा लोगों को ओएनओआरसी योजना का लाभ हर महीने मिलता है। लेकिन पिछले दो महीनों से यूपी में आइएमपीडीएस में आने वाली सर्वर संबंधी परेशानियों के चलते बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण तो होता है लेकिन पर्ची नहीं निकलती। जिससे कोटाधारक राशन देने से इनकार कर देते हैं। इस बाबत पूछे जाने पर बाहरी दिल्ली के एक कोटाधारक ने कहा कि रोजाना दर्जनों यूपी के कार्डधारी बिना राशन लिए वापस जा रहे हैं। जब तक पर्ची ई-पोस मशीन से नहीं निकलती, तब तक हमारी दुकान के खाद्यान्न कोटा से राशन कटेगा नहीं। जिससे हम यूपी के राशनकार्डधारियों को राशन वितरित नहीं कर पा रहे हैं। ये सर्वर संबंधी परेशानी हर महीने ही होती है, कभी सर्वर धीमा चलता है तो कई बार किसी राज्य का महीने की 15 तारीख के बाद शुरू होता है।

कई दिनों से मैं रोजाना राशन की दुकान के चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन कोटाधारक सर्वर में परेशानी की बात कह राशन देने से मना कर देता है। मेरा राशनकार्ड यूपी के सीतापुर का है। बच्चों को इतनी महंगाई में खाना कैसे खिलाएं। **-पिंकू, राशनकार्डधारी**



रोजाना अपना काम धंधा छोड़कर राशन की लाइन में लगना पड़ता है लेकिन घंटों खड़े होने के बाद भी राशन नहीं मिल पा रहा है। काफी परेशान हो गया हूं। **-खिलानी, राशनकार्डधारी**

पिछले 10-12 दिनों से कभी मैं तो कभी मेरी पत्नी और बच्चे राशन के लिए लाइन में लग रहे हैं। मुफ्त राशन मिलने से थोड़ी मदद हो जाती है लेकिन पिछले महीने भी कुछ गड़बड़ी के चलते राशन नहीं मिल रहा है। **-रमेश, राशनकार्डधारी**



## आपकी शिकायतें

### रेहड़ी पटरी वालों को मिले स्वास्थ्य बीमा जैसे लाभ

शहरी अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स इन दिनों कई चुनौतियां झेलने को विवश हैं। वे पीएम स्वनिधि योजना के तहत पेंशन योजनाओं, जीवन व स्वास्थ्य बीमा जैसे लाभ से वंचित तो हैं हीं, निगम और पुलिस के सताए हुए भी हैं। जबकि शहरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर नागरिकों को सस्ती वस्तुएं भी प्रदान करने में ये रेहड़ी पटरी वाले दिन रात लगे रहते हैं। सामाजिक सुरक्षा की कमी होना, वित्तीय संसाधनों का अभाव के साथ-साथ मौसमी मार भी झेलते हैं। हमारी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों व मंत्रालय से अपील है कि स्वनिधि योजना के तहत पेंशन योजना के साथ स्ट्रीट वेंडर्स को स्वास्थ्य बीमा जैसे लाभ मिलने चाहिए, जिससे रेहड़ी पटरी वालों को मुख्यधारा से जोडा़ जा

**-अनिल बक्शी, राष्ट्रीय सचिव, नेशनल हाकर फेडरेशन, नई दिल्ली।**

कल्पमेधा

*ज्ञान इतना घमंडी बन जाए कि वह रो न सके, इतना गंभीर बन जाए कि हंस न सके और इतना आत्मकेंद्रित बन जाए कि अपने सिवा और किसी की चिंता न करे, तो वह ज्ञान, अज्ञान से भी खतरनाक है।*
***– खलील जिब्रान***

# महंगाई की मार

भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिश है कि खुदरा महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर किया जा सके, मगर तमाम कोशिशों के बावजूद इस पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। महंगाई के रुख को देखते हुए ही रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव का कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। काफी समय से बैंक दरें स्थिर बनी हुई हैं, जबकि उद्योग समूह चाहता है कि रेपो दर घटाई जाए। जून महीने में खुदरा महंगाई 5.08 फीसद दर्ज की गई, जो कि पिछले चार महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। मई महीने में महंगाई का रुख कुछ नरम दिखा था, हालांकि रिजर्व बैंक को अंदाजा था कि जून और बरसात के महीनों में खुदरा महंगाई बढ़ेगी। रिजर्व बैंक का मानना है कि बरसात के बाद महंगाई उतार पर होगी और तब इसे स्थिर रख पाना संभव होगा। मगर यह दावा कितना सही होगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि पहले भी रिजर्व बैंक कई बार कह चुका है कि वह महंगाई को जल्दी ही काबू में ले आएगा। इस बार भी खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुआ है।

दैनिक उपभोग की खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी पर अंकुश लगाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार खाद्य महंगाई बढ़ कर 9.36 फीसद पर पहुंच गई है, जो मई महीने में 8.69 फीसद थी। जून महीने में अनाज के दामों में 8.75 फीसद, फलों में 7.15 फीसद, सब्जियों के दामों में 29.32 और दालों की कीमतों में 16.07 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जमीनी स्तर पर आम उपभोक्ता को इससे कहीं अधिक बढ़ी हुई कीमतें चुकानी पड़ रही हैं। बरसात के मौसम में तो कुछ कारण समझ आते हैं कि बाढ़ और बारिश की वजह से माल ढुलाई में बाधा आने की वजह से कई जगहों पर उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पाती। कई इलाकों में पानी भर जाने से फलों और सब्जियों की फसल चौपट हो जाने के कारण भी उनकी कीमतों में बढ़ोतरी देखी जाती है। मगर जून के महीने में ऐसी स्थिति नहीं होती। आमतौर पर बाजार में गेहूं और दालों की नई फसल की उपलब्धता रहती है, इसलिए भी इनकी किल्लत का तर्क नहीं रखा जा सकता। रोजी-रोजगार के मोर्चे पर संकट के दौर से गुजर रहे लोगों के सामने अनाज, फल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों की कैसी मार पड़ रही होगी, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

महंगाई पर काबू न पाए जा सकने के पीछे बाजार और विपणन के प्रबंधन में व्यवस्थागत कमजोरियां बड़ा कारण हैं। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली जिन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन अपने यहां भरपूर होता है, उन्हें सही ढंग से बाजार तक पहुंचाने की व्यावहारिक व्यवस्था अभी तक नहीं बन पाई है। उनकी जगह पर आयातित वस्तुएं बाजार में जगह बना लेती हैं, नहीं तो कोई कारण नहीं कि अक्सर किसानों को अपनी कच्ची फसलें सड़कों पर फेंकने को मजबूर होना पड़ता है। किसान मंडियों में महाजनों की मनमानी की शिकायत करते रहते हैं, पर फसलों की खरीद का व्यवस्थित इंतजाम करने पर ध्यान नहीं दिया जाता। पर्याप्त भंडारगृह और शीतगृहों के न होने से भी फसलें बाजार पहुंचने से पहले बर्बाद हो जाती हैं। जब तक खाद्य वस्तुओं के प्रबंधन पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक केवल बैंक दरों के जरिए महंगाई पर अंकुश लगाना कठिन बना रहेगा।

# जनतांत्रिक तकाजा

राजनीति में दो विरोधी दलों का विचारधारा और मुद्दों के स्तर पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े होना स्वाभाविक है। मगर वे भाषा के स्तर पर इस हद तक चले जाएं कि उससे उपजी कड़वाहट सामान्य व्यवहार और बोली तक को बुरी तरह प्रभावित करने लगे, तो यह निश्चित रूप से लोकतांत्रिक माहौल को भी बाधित करेगा। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश की राजनीति में ऐसा माहौल बन रहा है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी दलों में मुद्दों पर उठी बात को उचित संदर्भ में देख-समझ कर एक परिपक्व राय या प्रतिक्रिया देने के बजाय दोनों पक्षों के समर्थक आपस में दुश्मन की तरह पेश आने लगते हैं। ऐसे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक नई परिपाटी शुरू की है, जिसे कड़वाहट से भरी राजनीतिक दुनिया में एक नई बयार की तरह देखा जा सकता है। गौरतलब है कि अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव हारने के बाद से भाजपा नेता स्मृति ईरानी के लिए सोशल मीडिया पर कुछ अवांछित भाषा का प्रयोग हो रहा था। राहुल गांधी ने इसी संदर्भ में 'एक्स' पर लिखा कि जीवन में जीत और हार होती रहती है... मैं सभी से गुजारिश करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता को लेकर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने से बचें।

जाहिर है, मुद्दा आधारित राजनीति के बजाय आरोप-प्रत्यारोपों में घुलती असहिष्णुता जब विषैली भाषा के रूप में सामने आने लगे और संवाद तक की गुंजाइश खत्म होने लगे तो ऐसे में अपने राजनीतिक विरोधी नेताओं के प्रति इस तरह की उदारता वक्त की जरूरत है। मगर राहुल गांधी की इस टिप्पणी को सकारात्मक संदर्भ में लेने के बजाय भाजपा के एक नेता की ओर से जैसी नकारात्मक प्रतिक्रिया आई, उसे सद्भाव के विरुद्ध ही माना जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि शीर्ष नेताओं की भाषा, उनके विचार और व्यवहार आम जनता के लिए एक स्तर पर सामाजिक-राजनीतिक प्रशिक्षण का काम करते हैं। नेता जैसा विचार जाहिर करते हैं, उनके समर्थकों का मानस भी वैसा ही बनता है। इस लिहाज से अपने राजनीतिक प्रतिपक्षी नेताओं के लिए शालीन भाषा का प्रयोग करने की राहुल गांधी की सलाह सद्भाव आधारित राजनीति और लोकतांत्रिक माहौल को मजबूत करने की कोशिश है।

# भारत के युवाओं का डिगता भरोसा

**इस पुरानी बीमारी का इलाज क्यों नहीं हो पाता? क्या इसलिए कि इसकी परीक्षा एजंसी को कोई नियमित सुदृढ़ ढांचा देने के बजाय 'जैसा है, उसे निभाओ' का नियम दे दिया गया।**

**सुरेश सेठ**

हमें गर्व है कि हम एक युवा देश हैं, क्योंकि हमारी आधी से अधिक आबादी छत्तीस वर्ष तक की उम्र के युवाओं की है। उसमें से भी तीन-चौथाई आबादी ऐसे नौजवानों की है, जो सोलह से छब्बीस वर्ष की उम्र के हैं और अपने लिए इस नए भारत में जिंदगी की सार्थकता तलाश रहे हैं। इस नाराप्रेमी और उत्सवधर्मी देश में नौजवान अपने लिए अपनी जमीन और थोड़े से आत्मगौरव की तलाश करते हैं। उन्हें अनुकंपाओं की बरसात से भीगी धरती की जगह धूप से तपती मेहनत मांगती वह धरती चाहिए, जो उनकी योग्यता के अनुसार रोजी-रोजगार दे सके और वे अपनी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए, बिना किसी बैसाखी के जी सकें। मगर ऐसा नहीं है।

नवनिर्माण और नवजागरण के लिए सबसे पहले तो शिक्षा और सम्माजनक पेशे चाहिए। इनके लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होती हैं, जो उनकी योग्यता का उचित मूल्यांकन करके उन्हें सम्मानजनक रोजगार दे सकें। मगर रोजगार की गारंटी इस देश में नहीं है। जो नौजवान जय जवान, जय किसान और जय अनुसंधान के देश को दिए मूलमंत्र का अनुसरण करते हुए अपनी जमीन की तलाश करना चाहते हैं, उन्हें उचित प्रशिक्षण के लिए दाखिला परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। पिछले दशकों में ऐसे शिक्षण संस्थान निजी क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए हैं। शिक्षा दुकान न बने, उसके दाखिले चोर-दरवाजे न बनें, इसके लिए देश में एक राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए की स्थापना की गई। फैसला किया गया कि नौजवान अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रतिष्ठानों की परीक्षाएं देने को न भटकते फिरें। उन्हें एक देश, एक परीक्षा का मूलमंत्र एनटीए द्वारा दे दिया गया। अब चिकित्सक बनना है या उसमें विशिष्टता हासिल करनी है, इंजीनियर या प्राध्यापक बनना है या शोध छात्र, इन सबके लिए परीक्षाएं एनटीए के झंडे तले आयोजित होती हैं। वर्ष में ऐसी लगभग पंद्रह परीक्षाएं एनटीए आयोजित करता है और उनमें अलग-अलग पाठ्यक्रमों के लिए करीब दो करोड़ विद्यार्थी परीक्षाओं में बैठते हैं।

मगर इस प्रक्रिया में हर वर्ष पर्चाफोड़ होते हैं। इस वर्ष भी यही हुआ। इस पुरानी बीमारी का इलाज क्यों नहीं हो पाता? क्या इसलिए कि इसकी परीक्षा एजंसी को कोई नियमित सुदृढ़ ढांचा देने के बजाय 'जैसा है, उसे निभाओ' का नियम दे दिया गया। एजंसी में पंद्रह शीर्ष लोग तो अलग-अलग प्रतिनियुक्ति से आ गए, पर परीक्षाएं अंततः निजी एजंसियों को ठेके पर दी जाने लगीं। जाहिर है, ऐसे माहौल में पर्चाफोड़ से लेकर अन्य भ्रष्ट तरीकों की कितनी संभावनाएं रहेंगी। इसकी चरम सीमा शायद इस बार हो गई, जब 571 शहरों के 4750 परीक्षा केंद्रों में 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने एमबीबीएस दाखिले के लिए 'नीट' परीक्षा दी। नतीजा निकला तो 67 छात्र प्रथम श्रेणी थे, उन्हें 720 में से 720 अंक मिले। स्पष्ट हुआ कि नंबरों का बंटवारा तर्कहीन तरीक से हुआ है। शोर-शराबा हो गया। जांच में पता चला कि सीमित ढंग से अनुचित साधनों का इस्तेमाल किया गया। पकड़-धकड़ होने लगी। बिहार से बहुत-सी



खबरें आईं, लेकिन परीक्षा में बड़ी गड़बड़ी के संकेत नहीं मिले।

इस बार की गड़बड़ी से परीक्षार्थियों का विश्वास परीक्षा लेने वाली एजंसियों पर से डिग गया है। योग्यता का मूल्यांकन अगर इसी तरीके से होना है कि परीक्षा के ढांचे में चोर गलियां निकल आएंगी और

इस बार की गड़बड़ी से परीक्षार्थियों का विश्वास परीक्षा लेने वाली एजंसियों पर से डिग गया है। योग्यता का मूल्यांकन अगर इसी तरीके से होना है कि परीक्षा के ढांचे में चोर गलियां निकल आएंगी और अयोग्य छात्र उन्हें धक्का देकर निकल जाएंगे, तो इससे बड़ा अन्याय उन मेहनती छात्रों के लिए क्या हो सकता था, जो वर्षों से घर छोड़कर कोटा जैसी जगहों में परीक्षाओं की तैयारी करने में दिन-रात एक कर रहे थे। परीक्षाएं तो सही मूल्यांकन के विश्वास के आधार पर चलती हैं। तभी सुप्रीम कोर्ट ने भी 18 जून को नीट मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि 0.001 फीसद भी गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करो।

अयोग्य छात्र उन्हें धक्का देकर निकल जाएंगे, तो इससे बड़ा अन्याय उन मेहनती छात्रों के लिए क्या हो सकता था, जो वर्षों से घर छोड़कर कोटा जैसी जगहों में परीक्षाओं की तैयारी करने में दिन-रात एक कर रहे थे। परीक्षाएं तो सही मूल्यांकन के विश्वास के आधार पर चलती हैं। तभी सुप्रीम कोर्ट ने भी 18 जून को नीट मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि 0.001 फीसद भी गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करो। सीबीआइ की जांच में यहां-वहां दोषी भी पकड़े जाने लगे। संसद में इस पर बहस की मांग उठी।

नौजवान ही किसी देश का भविष्य होते हैं और जब वही अंधेरे में भटकने लगें, तो देश का भविष्य भला कैसा होगा? सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं पर विचार हुआ कि क्या 'नीट' की दुबारा परीक्षा ली जाए? परीक्षा में भ्रष्ट तरीकों और पर्चाफोड़ की पुष्टि हो गई। मगर जवाबी याचिका भी आ गई कि उन लाखों विद्यार्थियों का क्या दोष, जिन्होंने पूरी मेहनत से इम्तिहान दिए और अब उन्हें फिर उसी अग्नि परीक्षा से गुजरने के लिए कहा जा रहा है। जबकि हर पढ़ने वाला जानता है कि उसी उत्साह के साथ बार-बार परीक्षाओं की तैयारी नहीं हो सकती। खैर, मामला सर्वोच्च न्यायालय के ध्यान में है। केंद्र सरकार और एनटीए के हलफनामे भी सुप्रीम कोर्ट में आए हैं कि 'नीट' परीक्षा दुबारा करने की जरूरत नहीं। लाखों मेहनती छात्रों को दुबारा बेवजह परीक्षा की भट्ठी में न झोंका जाए। दोषी तो पकड़े जाएं, लेकिन 'नीट' के यही परीक्षा परिणाम सफल छात्रों के साथ रहेंगे, देशभर की चिकित्सा संस्थाओं में दाखिले के लिए।

इन इम्तिहानों के आधार पर अलग-अलग मेडिकल कालेजों में काउंसिलिंग शुरू होने लगी थी, जो अब जुलाई के अंत तक टल गई और सुप्रीम कोर्ट से अंतिम फैसले का इंतजार हो रहा है। फैसला जो भी हो, सवाल इस समस्या के फौरी हल का नहीं है। वह तो हो ही जाएगा। सवाल यह है कि मेहनती युवा पीढ़ी को उनकी मेहनत का उचित मूल्यांकन कैसे होना है, इसका स्थायी हल कैसे निकाला जाए? कुछ बातें बहुत स्पष्ट हैं। योग्य व्यक्तियों का स्थायी ढांचा बनना चाहिए, जो ये परीक्षाएं करवाएं और देशभर में इतने महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए स्थायी परीक्षा मशीनरी बने, जिसकी कार्यशीलता और इमानदारी पर कोई भी व्यक्ति अंगुली न उठा सके। जब तक यह नहीं होगा, तब तक नौजवानों का विश्वास, जो अपने भविष्य के प्रति पहले ही शंकालु है, अपनी परीक्षाओं के प्रति भी अनिश्चय के भंवर में फंसा रहेगा।

हम शिक्षा की खामियों को दूर करने की बात कहते हैं। नए-नए शिक्षा माडल दे रहे हैं, लेकिन इसके एक जरूरी हिस्से यानी छात्र ने जो पढ़ा, उसका सही मूल्यांकन करके उसे रोजी-रोजगार देने के बारे में अभी तक सही फैसले नहीं हो सके। ये फैसले तत्काल होने चाहिए। देश के नव-निर्माण की बात करने वाले पहले देश की युवा पीढ़ी के लिए शिक्षा के नए ढांचे के निर्माण को तुरंत बनाना शुरू करें। तदर्थ उपायों से काम नहीं चलेगा। शिक्षा आपके अंतस को जगाती है। छात्र की योग्यता का तटस्थ मूल्यांकन करने के लिए शिक्षा विशारदों को तैयार रहना चाहिए। यह ठेका परीक्षा प्रणाली नहीं चलेगी। देश के शिक्षा प्रवीण सिर जोड़कर बैठें और ऐसा वैकल्पिक ढांचा बनाएं, जिसमें देश के युवा छात्र अपने विश्वास और सहज माहौल के साथ यहां अपनी योग्यता को प्रस्तुत कर सकें। इस योग्यता का सही मूल्यांकन होगा, इसका विश्वास उन्हें रहे। तभी देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना उनमें जागेगी।

# संतोष का सुख

**वंदना सेन**

इंसान के मन में अगर संतोष है, तो वह सबसे ज्यादा अमीर है। इसी सिरे से यह भी कहा जा सकता है कि अगर व्यक्ति के मन में शांति है तो वह सबसे ज्यादा सुखी है। इसी तरह अगर किसी के मन में दया है तो वह श्रेष्ठ है और अगर वह स्वस्थ है तो भाग्यशाली है। ये सब बातें केवल कहने या पढ़ने मात्र के लिए नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने का एक ऐसा मंत्र हैं, जो व्यक्ति की निराशा में आशा का संचार करती हैं। इन विचारों की व्याख्या की जाए तो यही कहा जा सकता कि व्यक्ति अगर दूसरे के जैसा होने का प्रयास करेगा, तो उसके जीवन में असंतोष का भाव निर्मित होगा। यह असंतोष का भाव ही अभाव का कारण बनता है, क्योंकि अपने मन में उपजी हर इच्छा को कई सीमाओं की वजह से पूरा करना संभव नहीं हो पाता है। इसके बाद जब अभाव का प्रभाव जीवन पर होता है, तब निराशा आती है। कहते हैं, जितनी बड़ी चादर होती है, उतना ही पैर पसारना चाहिए। यानी व्यक्ति की जितनी आय है, उतने में ही काम चलाना चाहिए। अगर हम अपनी आय से अधिक खर्च करते हैं, तो जीवन में कई प्रकार की समस्याएं बिना बुलाए ही आ जाएंगी। दुनिया में बहुत सारे लोग हैं, लेकिन सबके काम अलग-अलग प्रकार के हैं। मसलन, एक कक्षा के सभी विद्यार्थी आगे चलकर एक जैसे अधिकारी या कर्मचारी नहीं बनते। उनमें से कोई कलेक्टर या जिलाधिकारी बनता है, तो उन्हीं में से कोई चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी भी बनता है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि युवा पढ़ाई के समय परिश्रम करता है, उसे बाद में आराम मिलता है और जो पढ़ाई के समय लापरवाही करता या मौज-मस्ती करता है, उसे बाद में परिश्रम करना पड़ता है।

**दुनिया मेरे आगे**

जीवन में जितने भी तनाव आते हैं, उसके पीछे का मुख्य कारण मन की अशांति ही है। हमारे मन के किसी कोने में सुख और दुख दोनों ही विद्यमान रहते हैं जो अलग-अलग परिस्थितियों के मुताबिक उभरते हैं। किसी वस्तु के प्रति बेलगाम आसक्ति अशांति लाती है। खासतौर पर तब, जब वह अप्राप्य हो।

माना जाता है कि जीवन में दो अवस्थाएं होती हैं। व्यक्ति के जीवन में अच्छे दिन भी आते हैं और बुरे दिनों का भी सामना करना होता है। बुरे दिन यानी अभाव का दौर, जिसमें खुद को बचाने के लिए केवल परिश्रम करना पड़ता है। यों युवा अवस्था परिश्रम करने के दौर के रूप में देखी जाती है। इस दौर में परिश्रम नहीं किया तो भविष्य में उसे परिश्रम करने के लिए तैयार रहना ही होगा। अगर हमारा पेट दस रुपए में भर जाता है तो उसके लिए पचास रुपए व्यय करने की इच्छा करना उचित नहीं। इसलिए कहा जाता है, संतोष जीवन का सबसे बड़ा धन है। जिसके पास संतोष है, वह सबसे बड़ा अमीर है, क्योंकि व्यक्ति की इच्छाओं का कोई अंत नहीं होता। यह सही है कि किसी चीज की इच्छा करने से ही वह प्राप्त होती है। मगर क्या उसकी कोई सीमा होगी? आज एक इच्छा पूरी हुई तो कल दूसरी इच्छाएं पैदा हो जाएंगी। एक बात जरूर ध्यान रखना चाहिए कि कुदरत का दिया हुआ कभी अल्प नहीं होता। हमारी इच्छाएं उसे अल्प बना देती हैं।

इसी प्रकार अशांत मन दुख को बढ़ावा देता है। जीवन में जितने भी तनाव आते हैं, उसके पीछे का मुख्य कारण मन की अशांति ही है। हमारे मन के किसी कोने में सुख और दुख दोनों ही विद्यमान रहते हैं, जो अलग-अलग परिस्थितियों के मुताबिक उभरते हैं। किसी वस्तु के प्रति बेलगाम आसक्ति अशांति लाती है। खासतौर पर तब, जब वह अप्राप्य हो। वर्तमान में अशांत मन को शांत करने के लिए व्यक्ति अनेक प्रकार के प्रयत्न कर रहा है, लेकिन उसे शांति नहीं मिल रही। दरअसल, ज्यादातर लोगों के जीवन में भटकाव है। लोगों ने स्थिरता को एक तरह से भुला दिया है या उन्हें भूलना पड़ा है। इससे निवृत्ति के लिए योग का सहारा लेना पड़ रहा है।

अगर मन की शांति चाहिए तो सबसे पहले अपने विचारों को सात्विक करना होगा। ऐसा करने से सकारात्मक दिशा का बोध होगा, जो जीवन को सार्थकता प्रदान करेगा। ऐसा करने के लिए हमको सबसे पहले अपनी दिनचर्या को ठीक करना होगा। यह जीवन को व्यवस्थित करेगा। इस दिनचर्या में स्वकेंद्रित जीवन के मुकाबले सबके हित के बारे में सोचना और अपनी बनाई चारदीवारी से बाहर आना होगा। मन को शांत रखने के लिए संतोष को माध्यम बनाने से लेकर एकांत और विचार का रास्ता अपनाया जा सकता है। कुछ रास्तों से मिली शांति ही सुख का जरिया बनेगी।

अपने मन को निर्मल बनाने के लिए हमें दूसरों के दुख को महसूस करने की जरूरत है। हमारे अंदर दया का भाव होगा तो हम एक गरीब व्यक्ति का हौसला बढ़ाने का कार्य कर सकते हैं। आज व्यक्ति को 'मैं' में घिरे भाव ने बुरी तरह घेर लिया है। यह 'मैं' अहंकार लाता है। हमको व्यक्ति-केंद्रित सोच के मुकाबले सामूहिकता की तरफ कदम बढ़ाना होगा। जब 'हम' का बोध होगा, तो यहीं से हमको समाज भी अपना दिखाई देगा। यह वास्तविकता है कि हम अकेले नहीं हैं। हम एक बड़े समाज के हिस्सा हैं। हमारी पहचान समाज ही कराता है, लेकिन आज का व्यक्ति समूह में जीना नहीं चाहता। अगर समूह में जिएगा तो उसे हमेशा यह अहसास होगा कि संगठन में शक्ति है। अकेलापन व्यक्ति को भय से ग्रस्त कर दे सकता है। अपने दायरे से बाहर निकल कर जीकर देखने से एक ऐसी सुखद अनुभूति हो सकती है, जिसकी हमें तलाश रहती है।




## पानी का प्रबंध

हर साल की तरह मानसून देश में दस्तक देता है और पहली ही बारिश में हर शहर कस्बे की हालत दयनीय हो जाती है। ऐसा नहीं कि बरसात से पहले नाले साफ नहीं किए जाते या फिर दूसरे उपाय अमल में नहीं लाए जाते, लेकिन ये बारिश पता नहीं, हर बार कैसे सारे किए गए इंतजाम को धता बता देती है। इस बार भी पानी को तरस रहा उत्तर भारत और राजधानी दिल्ली पहली ही बारिश में जाम हो गए। बारिश का उचित प्रबंधन किया जाए तो देश में पानी की कमी न रहे। इस प्रबंधन के लिए बस थोड़ी-सी मेहनत और त्याग की जरूरत है। पुराने तालाब, बावड़ी और खेतों की मेढ़ों को साफ करने और मजबूत करने की आवश्यकता भर से भी बहुत-सा पानी और भविष्य बचाया जा सकता है। 'नदी जोड़ो' नामक योजना पर अगर गंभीरता से काम किया जाए तो देश को पानी की कमी नहीं रहेगी। अगर हम अपने पुरखों के ज्ञान का उपयोग करके जीर्ण शीर्ण पड़े तालाबों को ही साफ करके पानी सहेज लें तो न सिर्फ बाढ़ का खतरा घटेगा, बल्कि बारिश का पानी लंबे समय तक उपयोग में लाया जा सकेगा। इससे भूजल का स्तर भी सुधरेगा, जो आखिर किसानों को लाभ देगा।

***– मुनीश कुमार, रेवाड़ी, हरियाणा***

## अमेरिका की कुर्सी

दो भीषण युद्धों से परेशान दुनिया में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव बहुत ही अहम है। डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल को देखते हुए जाहिर है कि अगर वे राष्ट्रपति चुने गए तो अपनी स्वच्छंदता को बरकरार रखते हुए सिर्फ अमेरिकी हितों की बात करेंगे और कई अंतरराष्ट्रीय संधियों के खराब होने का भय बना रहेगा। नाटो भी अपनी स्थिति को लेकर चिंतित है। बाइडेन की जीत की राह में उनकी उम्र सबसे बड़ी समस्या है। पार्टी को समय रहते किसी युवा जोशीले उम्मीदवार को आगे करना चाहिए, ताकि ट्रंप को सत्ता में आने से रोका जा सके। अगर बाइडेन की पार्टी ऐसा नहीं करती है तो अमेरिकी मतदाता न चाहते हुए भी ट्रंप को ही वोट देंगे। अब वक्त आ गया है कि अधिक समय न बिगाड़ते हुए अमेरिका में नई पीढ़ी के नेता को आगे किया जाए। उसके जीतने के अवसर ज्यादा रहेंगे। अगर हार होती है तो वैसे भी बाइडेन के जीतने की संभावना मात्र पच्चीस फीसद है।

***– विभूति बुपक्या, खाचरोद, मप्र***

## अदालत से उम्मीद

'स्वीकार का साहस' (संपादकीय, 9 जुलाई) पढ़ा। अदालत में राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए और सरकार की दलीलों के बीच बच्चों के भविष्य की झूलती वास्तविकता है, जिसे जब तक अदालत में शुचिता की कसौटी पर नहीं कसा जाएगा, न्याय की उम्मीद कम है। सीमित छात्रों के बीच पर्चाफोड़ की बात कह कर सरकार और एनटीए भले ही अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो लें, पर वास्तविकता अदालत ही जांचेगी। सोशल मीडिया पर पर्चे के फैलने की बात की अगर ईमानदारी से जांच की जाए तो निश्चित रूप से इसके कर्ताधर्ता और उनके आका गिरफ्त में आ जाएंगे। अगर इसमें बड़े पैमाने पर धांधली नहीं होती तो बड़ी संख्या में छात्रों का शत-प्रतिशत नंबर लाना और फिर कृपांक पाने वाले छात्रों की फिर से ली गई परीक्षा में अधिकांश का उपस्थित नहीं रहना संदेह को जन्म देता है। अगर अदालत इस मामले पर निगाह रखेगी, तब छात्रों के साथ न्याय होने की उम्मीद है।

***– अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर***

## जिम्मेदारी जरूरी

आधुनिक भारत के डिजिटल इंडिया और कंप्यूटर के युग में रहने के बावजूद कर्मकांड, अंधविश्वास, पाखंडवाद, आडंबर, जादू-टोने और तांत्रिकों के चक्कर में समाज जकड़ा हुआ प्रतीत होता है। हम आस्थावान और निष्ठावान रहें, मगर भीड़तंत्र और भेड़ चाल से तो बचना होगा, अन्यथा ऐसे हादसे होते रहेंगे, लेकिन हादसों से आखिर हम क्या सबक ले रहे हैं। सरकारी तंत्र, सत्संग और धार्मिक आयोजन करने वालों के बीच समन्वय और संवाद में भारी कमी दिखाई देती है। कड़वा सच है कि देश के नामी-गिरामी लोग इन बाबाओं के दरबार में जाते हैं, हाजिरी लगाते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। राजनेता भी आसानी से देखे जाते हैं और चुनाव के दौरान यह संख्या बढ़ जाती हैं। इससे जनता भी भ्रमित होती है और उसकी आस्था भी इन बाबाओं के प्रति बढ़ जाती है।

***– वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली***

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com



## व्रत त्योहार

*16 जुलाई 2024 मंगलवार को कर्क संक्रांति*
*17 जुलाई 2024 दिन बुधवार को देवशयनी एकादशी व्रत*
*19 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को प्रदोष व्रत (शुक्ल पक्ष)*
*20 जुलाई 2024 शनिवार को कोकिला व्रत*

*21 जुलाई 2024 दिन रविवार को गुरु पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा*
*22 जुलाई 2024 दिन सोमवार को सावन माह की शुरुआत, पहला सावन सोमवार*
*23 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को पहला मंगला गौरी व्रत, पंचक शुरू*

## कैलेंडर



# शरीर और दिमाग दोनों को ऊर्जावान बनाता है आसन

कुमार कृष्णन


कई लोगों के लिए योग का अर्थ केवल आसन है, जबकि योगी और आध्यात्मिक गुरु दावा करते हैं कि आत्म-साक्षात्कार के लिए आसन का शारीरिक अनुशासन बिल्कुल भी आवश्यक नहीं है। ये दोनों ही दृष्टिकोण अतिवादी हैं, क्योंकि आसन न तो बिल्कुल आवश्यक हैं और न ही पूरी तरह से अनावश्यक हैं।

यदि कोई ज्ञान योगी सोचता है कि केवल शास्त्रों के ज्ञान से ही उसे आत्मज्ञान प्राप्त होगा, तो वह गलत है। उसी प्रकार, यदि कोई राजयोगी शरीर की उपेक्षा करता है और केवल ध्यान की शक्ति पर निर्भर रहता है, तो वह लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि उसकी साधना बीमारी से बाधित हो जाएगी। एक भक्ति योगी हमेशा अपनी भावना, भक्ति और समर्पण की शक्तियों पर अति आत्मविश्वास रखता है और मानता है कि वह अपने देवता को दर्शन देकर आशीर्वाद देने के लिए मजबूर कर सकता है।

विश्व योग आंदोलन के प्रवर्तक परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती का मानना है कि ज्ञान योग, भक्ति योग, राज योग और कर्म योग चार अलग-अलग मार्ग नहीं हैं। वे चार वृत्तों की तरह हैं जो एक-दूसरे में प्रवेश करते हैं और और प्रत्येक का एक हिस्सा अन्य तीन वृत्तों का एक हिस्सा बनता है। सभी आध्यात्मिक साधकों को, चाहे वे भक्ति, ज्ञान, राज, कर्म या हठ योग के मार्ग पर चल रहे हों, योगासन का अभ्यास करने की भी आवश्यकता है। योगासन केवल कर्म योगियों या हठ योगियों के लिए नहीं हैं, जैसा लोग मानते हैं।

आसन कई अन्य तरीकों से फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे ग्रंथियों और तंत्रिकाओं के कार्यों को प्रभावित और नियंत्रित करते हैं, शरीर को लचीला बनाते हैं और रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ स्थिति में रखने में मदद करते हैं। रीढ़ की हड्डी का स्वास्थ्य बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह सुषुम्ना नाड़ी का निवास स्थान और ऊपर की ओर जाने वाला मार्ग है।योगियों और कई मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि आसन से न्यूरोसिस, न्यूरस्थेनिया, अनिद्रा आदि मानसिक विकार सफलतापूर्वक ठीक हो जाते हैं। यदि आसनों के संयोजन का अभ्यास किया जाए, तो यह शरीर और दिमाग के क्षय को रोकेगा, आपको युवा बनाए रखेगा और आपको पूर्ण मानसिक और शारीरिक संतुलन प्रदान करेगा।

हर जगह लोगों को जीवन के हर क्षेत्र में तनाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन योग चिकित्सा, जिसमें आसन मुख्य अभ्यास है, शरीर और दिमाग को लय में, समन्वय में रखता है। अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ पूर्ण मानसिक संतुलन और स्थिरता का होना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जो आसन का स्वाभाविक परिणाम है।



*आसन* से ऐसे विशेष लाभ होते हैं जो अन्य व्यायाम नहीं दे पाते। खेल और अन्य व्यायामों के लिए अधिक समय, अधिक स्थान और अन्य सामान की आवश्यकता होती है, जबकि योगिक आसनों के लिए इन अतिरिक्त चीजों की आवश्यकता नहीं होती है और बहुत कम समय लगता है।

### योगासन

योगाभ्यास क्रोध, मानसिक अशांति, मानसिक अवसाद, असंतोष और अन्य मानसिक जटिलताओं जैसी मानसिक समस्याओं को बहुत जल्दी ठीक कर देता है। योग एक क्रमिक प्रक्रिया है जिसे नियमित अभ्यास से तेज किया जा सकता है। योग ने लाखों लोगों को निश्चित, सकारात्मक परिणाम दिए हैं, जो हजारों वर्षों के दौरान बड़े ऐतिहासिक परिवर्तनों के बावजूद इसकी निरंतरता और लोकप्रियता का रहस्य है। योग के इतिहास के अनुसार, जैसा कि पुराने ग्रंथों में मिलता है, शिव को योग विज्ञान का पहला प्रवर्तक माना जाता है, इसलिए हम उन्हें योग का आदि गुरु कह सकते हैं। उनकी पहली शिष्या उनकी पत्नी पार्वती थीं।

आसन तो बहुत हैं लेकिन महत्त्वपूर्ण 84 हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि आसन 84 लाख (8,400,000) हैं, जितने प्राणियों की आत्मा विकसित होकर मनुष्य बनती है। हालांकि, ये सभी किताबों में उपलब्ध नहीं हैं। शास्त्रों में कई सौ आसनों का उल्लेख किया गया है।

# शिव को अत्यधिक प्रिय है श्रावण माह

सुनील दत्त पांडेय

भगवान शिव देवों के देव महादेव हैं। वे कल्याण के देवता हैं क्योंकि उनके हर रूप में कल्याणकारी गुण हैं। शिव के कई रूपों की महिमा अलग-अलग बताई गई है। शिव को श्मशान का देवता महाकाल भी कहते हैं। वे ऐसे देवता हैं जो भक्त की भक्ति से जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं, इसलिए उन्हें आशुतोष भी कहा जाता है। केवल जल का अभिषेक करने से ही शिव प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। महादेव सृष्टि के संहार के देवता भी माने जाते हैं और सृष्टि के निर्माण के कारक भी। मानव-दानव, पशु-पक्षी, भूत-प्रेत, साधु-संत, सात्विक आध्यात्मिक साधना से जुड़े साधक और तामसी अघोर विद्या और तांत्रिक विद्या साधना के जानकार सभी शिव को अपना आराध्य मानते हैं। इस तरह महादेव तीनों लोकों के निवासियों से जुड़े हैं और समाज के सभी वर्गों का वे प्रतिनिधित्व करते हैं। इसीलिए भगवान शिव को लोकनायक माना गया हैं। उनकी स्वीकृति सर्व समाज में हैं। साधक शिव तत्त्व को पाने के लिए अपने-अपने तरीके से शिव साधना करते हैं।

श्रावण माह शिव साधना के लिए सबसे उत्तम माह माना गया है। इस माह में शिव की साधना करने से वह यथाशीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। श्रावण माह में गंगाजल और बेलपत्र से शिव के अभिषेक का विशेष महत्त्व है। श्रावण माह में भगवान शिव पृथ्वी लोक में निवास करते हैं और अपने भक्तों को अभय दान देते हैं।

श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव एवं दक्षेश्वर महादेव मंदिर कनखल के मुख्य प्रबंधक एवं साधक श्री महंत रविंद्र पुरी महाराज कहते हैं कि हिंदू धर्म ग्रंथों में मान्यता है कि भगवान शिव श्रावण माह में पृथ्वी लोक में आकर अपने ससुराल कनखल में निवास करते हैं।

*भगवान* शिव समतावादी समाज की स्थापना के रचनाकार हैं। जो भी देवी-देवता समाज में जिन दैत्यों दानवों और पशु-पक्षियों को त्याग देते हैं उन्हें भगवान शिव अंगीकार कर लेते हैं। शिव का यह संदेश हमें यह प्रेरणा प्रदान करता है कि सृष्टि के सभी प्राणियों के प्रति प्रेम और समान भाव रखो।

मान्यता है कि सतयुग में ब्रह्मा जी के मानस पुत्र प्रजापति दक्ष ने अपनी राजधानी कनखल में एक बड़े धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ का आयोजन किया था और उन्होंने अपनी पुत्री सती और उनके पति भगवान शिव को इस यज्ञ में निमंत्रण नहीं दिया। अपने पति के मना करने के बाद भी माता सती अपने मायके कनखल गईं और उन्होंने अपने मायके में अपने पिता राजा दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में सभी देवी-देवताओं,ऋषि मुनियों के स्थानों को पाया, परंतु अपने पति भगवान शिव के लिए कोई स्थान नहीं देखा तो उन्होंने अपने पिता राजा दक्ष से इसका कारण पूछा तो उन्होंने अपनी पुत्री सती के पति भगवान शिव के लिए अत्यंत अनुचित शब्दों का प्रयोग किया। इस महायज्ञ के आयोजन स्थल में अपने पति का अपमान होते देख सती इस धार्मिक अनुष्ठान के यज्ञ कुंड में धधकती अग्नि में कूद पड़ीं और उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए और अपने पिता के द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान और महायज्ञ का विध्वंस कर दिया। जिससे यज्ञ स्थल में हाहाकार मच गया। जब भगवान शिव को सती के यज्ञ कुंड में कूद कर अपने प्राणों की आहुति देने की घटना की जानकारी मिली तो वे अत्यंत क्रोधित हो गए हैं और तीनों लोक उनके इस क्रोध से कुपित होने लगे, मानो पूरा ब्रह्मांड समाप्त हो जाएगा और महाविनाश होगा।

### देवों के देव



*मान्यता* है कि श्रावण माह में भगवान शिव की पूजा करने से वह प्रसन्न होकर भक्तों को शिव तत्त्व प्रदान करते हैं। स्कंद पुराण में भगवान शिव ने सनत्कुमार को श्रावण माह के आध्यात्मिक महत्त्व के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें श्रावण माह अत्यधिक प्रिय है। धर्म सिंधु ग्रंथ में कहा गया है कि शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए श्रावण माह सर्वश्रेष्ठ है।

शिव ने अपनी जटाओं से अपने प्रिय गण वीरभद्र को प्रकट किया और कनखल अपने ससुराल भेजा, माता सती के शव को देखकर वीरभद्र अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने इस घटना के लिए शिव के ससुर राजा दक्ष को दंडित करने के लिए उनके सिर को धड़ से अलग कर दिया। इस घटना से राजा दक्ष की राजधानी कनखल मे हाहाकार मच गया। महायज्ञ के अनुष्ठान में आए सभी देवी-देवता भगवान शिव के पास गए और उनसे ब्रह्मांड को बचाने और इस विध्वंस को रोकने की प्रार्थना की। जिस पर भगवान शिव स्वयं कनखल अपने ससुराल आए और राजा दक्ष के धड़ पर बकरे का सिर लगाकर उन्हें अभय दान दिया। राजा दक्ष ने शिव का अपमान किए जाने पर उनसे क्षमा याचना की, तब जाकर विध्वंस रुका। राजा दक्ष की पत्नी और भगवान शिव की सास ने अपने दामाद भगवान शिव से अनुरोध किया कि श्रावण माह में वे एक महीना अपने ससुराल कनखल में ही वास करें। भगवान शिव ने अपनी सास की इस विनती को स्वीकार किया और तब से हर वर्ष श्रावण माह में भगवान शिव कनखल अपने ससुराल में ही निवास करते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि शिव ने अपने अंशों से सभी देवी-देवताओं और शक्ति को जन्म दिया, इसलिए उन्हें देवों का देव महादेव कहा गया है। तभी महादेव की उपासना से सभी देवी-देवताओं की पूजा का फल प्राप्त होता है और सोमवार और प्रदोष के दिन शिव की पूजा का विशेष महत्त्व है। इसीलिए शिव भक्त सोमवार और प्रदोष के दिन भगवान शिव के शिवलिंग का रुद्राभिषेक करते हैं।

भगवान शिव समतावादी समाज की स्थापना के रचनाकार हैं। जो भी देवी-देवता समाज में जिन दैत्यों दानवों और पशु-पक्षियों को त्याग देते हैं उन्हें भगवान शिव अंगीकार कर लेते हैं, भगवान शिव का यह संदेश हमें यह प्रेरणा प्रदान करता है कि सृष्टि के सभी प्राणियों के प्रति प्रेम और समान भाव रखो। जिससे समाज में सामूहिक रूप सामाजिक समरसता व्याप्त हो। भगवान शिव को निराकार और निर्गुण माना जाता है और वे सर्वव्यापी, अद्वैत,आदि और अनंत हैं।

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार राजा दक्ष की पुत्री सती ने अगले जन्म में पर्वतराज हिमालय की पुत्री माता पार्वती के रूप में जन्म लिया था और माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए श्रावण माह में हरिद्वार में शिवालिक पर्वत माला मनसा देवी पर्वतमाला की तलहटी पर स्थित विल्वकेश्वर महादेव मंदिर में कठोर तपस्या की थी और प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनकी मनोकामना पूरी की थी और उन्हें अर्धांगिनी के रूप में अंगीकार किया। मान्यता है कि श्रावण माह में भगवान शिव की पूजा करने से वह प्रसन्न होकर भक्तों को शिव तत्त्व प्रदान करते हैं। स्कंद पुराण में भगवान शिव ने सनत्कुमार को श्रावण माह के आध्यात्मिक महत्त्व के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें श्रावण माह अत्यधिक प्रिय है। धर्म सिंधु ग्रंथ में कहा गया है कि शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए श्रावण माह सर्वश्रेष्ठ है।

ज्योतिषाचार्य पंडित प्रदीप कुमार जोशी बताते हैं कि चंद्र गणना के अनुसार श्रावण माह इस बार गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई के अगले दिन श्रावण माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होगा और श्रावणी पूर्णिमा 19 अगस्त तक चलेगा। जबकि सौर गणना के अनुसार श्रावण मास 16 जुलाई कर्क संक्रांति से शुरू होकर 18 अगस्त सिंह संक्रांति तक चलेगा। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में संक्रांति से माह की शुरुआत होती है।

# दिव्य व्यक्तित्व की धनी हैं पौराणिक काल की पंचकन्याएं

पवन गौतम

हिंदू शास्त्रों में पांच ऐसी महिलाओं का उल्लेख है, जिनका विवाह हुआ, लेकिन वे कन्याएं मानी गईं हैं। पौराणिक साहित्य में रावण की पत्नी मंदोदरी, बाली की पत्नी तारा, गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या, पांडु की पत्नी कुंती और पांडवों की पत्नी द्रौपदी को 'पंचकन्या' का दर्जा दिया गया है। इन पांचों स्त्रियों को दिव्य माना गया है।

अहिल्या को इन पंचकन्याओं में सबसे प्रमुख माना जाता है। देवराज इंद्र ने अहिल्या के पति गौतम ऋषि का वेश धर उनके आश्रम में प्रवेश कर अहिल्या के सामने प्रणय निवेदन किया। जब गौतम ऋषि ने इंद्र को अपने ही वेश में अपने आश्रम से निकलते हुए देखा तब वे सारी बात समझ गए। क्रोधावेग में उन्होंने अहिल्या को पत्थर बन जाने का श्राप दिया। लेकिन अहिल्या द्वारा क्षमा याचना के बाद ऋषि ने कहा कि जब तक स्वयं भगवान राम अपने पैरों से उन्हें नहीं छुएंगे, तब तक अहिल्या इनसानी रूप धारण नहीं कर पाएंगी। फिर वह समय आया जब विश्वामित्र के साथ विचरण करते हुए राम गौतम ऋषि के सुनसान पड़े आश्रम पहुंचे। वहां उन्हें अहिल्या रूपी पत्थर को देखा। विश्वामित्र ने राम को घटना बताई, जिसे सुनकर राम ने अहिल्या का उद्धार किया।

किष्किंधा की महारानी और बाली की पत्नी तारा का पंच कन्याओं में दूसरा स्थान है। कुछ ग्रंथों के अनुसार तारा, बृहस्पति की पौत्री थी तो कुछ के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकली मणियों में से एक मणि तारा थी। बाली और सुषेण समुद्र मंथन के दौरान देवताओं के सहायक के तौर पर मौजूद थे। जब तारा क्षीर सागर से निकली तब दोनों ने ही उनसे विवाह करने की इच्छा प्रकट की। बाली, तारा के दाहिनी तरफ खड़ा था और सुषेण उनकी बायीं ओर। तब विष्णु ने इस समस्या का हल किया कि जो व्यक्ति कन्या की दाहिनी ओर खड़ा होता है वह उसका पति और बायीं ओर खड़ा होने वाला उसका पिता होता है। ऐसे में बाली को तारा का पति घोषित किया गया।

*पंचकन्याओं* में तीसरा नाम है मंदोदरी। मंदोदरी ने रावण को हर बुरा काम करने से रोका। हिंदू धर्म से जुड़े दस्तावेजों में मंदोदरी को एक ऐसी स्त्री के रूप में दर्शाया गया है जो हमेशा सत्य के मार्ग पर चली। मंदोदरी, असुर राजा मयासुर और हेमा नामक अप्सरा की पुत्री थी। मंदोदरी हमेशा रावण को यही सलाह देती थी कि बुराई के मार्ग को त्यागकर सत्य की शरण में आ जाए, लेकिन अपनी ताकत पर गुमान करने वाले रावण ने कभी मंदोदरी की बात को गंभीरता से नहीं लिया।

### गाथा

पंचकन्याओं में तीसरा नाम है मंदोदरी। मंदोदरी ने रावण को हर बुरा काम करने से रोका। हिन्दू धर्म से जुड़े दस्तावेजों में मंदोदरी को एक ऐसी स्त्री के रूप में दर्शाया गया है जो हमेशा सत्य के मार्ग पर चली। मंदोदरी, असुर राजा मयासुर और हेमा नामक अप्सरा की पुत्री थी। मंदोदरी हमेशा रावण को यही सलाह देती थी कि बुराई के मार्ग को त्यागकर सत्य की शरण में आ जाए, लेकिन अपनी ताकत पर गुमान करने वाले रावण ने कभी मंदोदरी की बात को गंभीरता से नहीं लिया। रावण की मृत्यु के पश्चात, भगवान राम के कहने पर विभीषण ने मंदोदरी से विवाह किया।

पंचकन्या के रूप में चौथा नाम कुंती का आता है। हस्तिनापुर के राजा पांडु की पत्नी और तीन ज्येष्ठ पांडवों की माता, कुंती को ऋषि दुर्वासा ने एक ऐसा मंत्र दिया था, जिसके अनुसार वह जिस भी देवता का ध्यानकर उस मंत्र का जाप करेंगी, वह देवता उन्हें पुत्र रत्न प्रदान करेगा। कुंती को जिज्ञासावश इस मंत्र के प्रभावों का परीक्षण करना था। इसलिए, एक दिन उन्होंने भगवान सूर्य का ध्यानकर मंत्र का जाप किया। मंत्र के प्रभाव से सूर्य देव प्रकट हुए और कुंती को एक पुत्र प्रदान किया। वह पुत्र कर्ण था, लेकिन उस समय कुंती अविवाहित थी इसलिए उन्हें कर्ण का त्याग करना पड़ा। बाद में, एक स्वयंवर में कुंती और पांडु का विवाह हुआ। पांडु को एक ऋषि द्वारा यह श्राप मिला हुआ था कि जब भी वह किसी स्त्री का स्पर्श करेगा, उसकी मृत्यु हो जाएगी। पांडु की मृत्यु के पश्चात कुंती ने धर्म देव को याद कर उनसे युधिष्ठिर, वायु देव से भीम और इन्द्र देव से अर्जुन को प्राप्त किया।

द्रौपदी भी पंच कन्याओं में से एक हैं। द्रौपदी राजा द्रुपद की पुत्री तथा अत्यंत साहसी, धैर्यवान, और पवित्र स्त्री थी। द्रौपदी भगवान श्री कृष्ण की सखी तथा पांच पांडवों की पत्नी थी। द्रौपदी का व्यक्तित्व काफी मजबूत था। स्वयंवर के दौरान अर्जुन को अपना पति स्वीकार करने वाली द्रौपदी को कुंती के कहने पर पांचों भाइयों की पत्नी बनकर रहना पड़ा। प्रत्येक पांडव से द्रौपदी को एक-एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। चौपड़ के खेल में हारने के बाद जब पांडवों को अज्ञातवास और वनवास की सजा हुई, तब द्रौपदी ने भी उनके साथ सजा का पालन किया।

कुरुक्षेत्र के युद्ध में अपने पुत्र, पिता और भाई को खोने वाली द्रौपदी को कुछ ग्रंथों में मां काली तो कुछ में धन की देवी लक्ष्मी का अवतार भी कहा जाता है।

# शिव तत्त्व श्रद्धा से ही जाना जाता है

राधिका नागरथ

श्रावण मास के शुरू होते ही चारों ओर शिव के जयकारे कानों में सुनाई पड़ने लगते हैं। कांवड़ लेकर जाते शिव भक्त मुख में ओम नमः शिवाय और पग पग भरते बोल बम, बम बम की धुन वातावरण में भरते जाते हैं। यूं तो शिव सृष्टि का आधार है ही, सृजन और संहार का यह अटूट चक्र ब्रह्मांड में अनादि काल से चल रहा है फिर भी शिव तत्त्व को जानना शिव कृपा और श्रद्धा से ही संभव हो सकता है।

शिव तत्त्व यानी कल्याणकारी। संत तुलसीदास पांच सोरठे लिखकर पंचदेव का स्मरण कर तुलसी रामायण की शुरुआत करते हैं। इन पांच देवो में गणेश अर्थात विवेक, शिव यानी कल्याण, पार्वती अर्थात श्रद्धा, विष्णु यानी विशाल और सूर्य अर्थात उजाला, ज्ञान का प्रकाश, इन सबका स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई है।

इस कल्याणकारी शिव तत्व को वही जान सकता जिसमें श्रद्धा हो शिव का शाब्दिक अर्थ है कल्याणकारी या शुभकारी। यजुर्वेद में शिव को शांतिदाता बताया गया है। शि का अर्थ है, पापों का नाश करने वाला, जबकि व का अर्थ देने वाला. शिव स्त्रोत में भी आया है कि नमामि शमीशाननिर्वाण रूपम, विभुं व्यापकं ब्रह्म-वेद स्वरूपें निजम निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं, चिदाकाशमाकाशवासं भजेहें अर्थात वह सर्वशक्तिमान हैं, सर्वविद्यमान हैं ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां शिव न हों यह वह आकाश है वह चेतना है, जहां सारा ज्ञान विद्यमान है वे अजन्मा हैं और निर्गुण हैं, निराकार है।

आदि गुरु शंकराचार्य रचित प्रश्नोत्तरी में इस प्रश्न का उत्तर देते हुए की मनुष्य के लिए करने योग्य क्या कर्म है तो शंकराचार्य कहते हैं शिव और विष्णु की आराधना और श्रद्धावान कौन है, जो शिव तत्त्व को जाने। भगवतगीता में भी श्री कृष्ण कहते हैं श्रद्धावान लभते ज्ञानम जिसके पास श्रद्धा है वही ज्ञान प्राप्ति का अधिकारी है।

क्योंकि शिव तत्त्व सर्व ओर विद्यमान है तो हमारा मन, शरीर भी शिव तत्त्वसे ही बना हुआ है। शिव के सिवाय कुछ है ही नहीं, यह अनुभूति इतनी आनंददायी है कि बाकी कुछ जानने योग्य बचता ही नहीं।

# सांसारिक सुखों का त्याग ही मुक्ति का मार्ग

इला कुमार

सर्वविदित है कि वेदांत का रास्ता मोक्ष की ओर जाता है और इसका संग पकड़कर ज्ञानीजन आत्मज्ञ बन जाते हैं और इस तरह वे परमज्ञान को प्राप्त करके मनुष्य जीवन के सर्वोच्च आसन पर जा विराजते हैं। वेदांत की महत्त्वपूर्ण पुस्तक अष्टावक्र- संहिता के पहले श्लोक से शुरुआत करने पर हम देखते हैं कि जिज्ञासु जनक अपने गुरु अष्टावक्र जी से पूछते है कि मुक्ति ( मोक्ष ) का रास्ता कैसा है ? वैराग्य की प्राप्ति किस तरह हो सकती है ?

इसके उत्तर में अष्टावक्र जी शिष्य जनक को कहते हैं कि यदि तुम मुक्ति चाहते हो, तो विषयों (सांसारिक सुखों) को विष की भांति त्याग दो और क्षमा, अर्जव, दया, संतोष और सत्य को अमृत मानकर व्यवहार में लाओ..... यदि मुक्तिमिच्छसि चेतात विषयान विषवतत्यज ... । यह शिक्षा किसी भी शिष्य को दी जाने वाली उच्च शिक्षा है और अमत्र्य भाव से भरी हुई भी है, यानी कि हर-हमेशा यह शिक्षण अपने स्वरूप को बनाए रखने में सक्षम है। सदियां बीत गईं हैं, आगे भी युग बीतेंगे, लेकिन किसी भी समाज में रहने वाले लोग यदि क्षमा को, अर्जव को, दया को, संतोष और सत्य को व्यवहार में लाते रहेंगे, तो उस समाज में खोटापन और ओछापन कभी नहीं आ पाएगा- यह तय है।

### वेदांत की बात

*मनुष्य* की इच्छाएं हर कालखंड में कई मापदंडों को फलांगती चलती हैं, तो ऐसे में जरूरी है कि सही और सकारात्मक रास्ते के मापदंडों को हम जानें , उसे सामने रखें और रास्ते में आनेवाली कठिनाइयों को ज्ञान और कर्मठता के बल पर पार करते हुए वेदांत का रास्ता न छोड़ें। वेदांत ऐसा है कि बिना पक्षपात किए हुए, सबों के लिए हर तरह के सकारात्मक रास्तों पर प्रकाश डालता चलता है और हमारा , समाज का, विश्व का भला करता चलता है। जरूरी है कि हम इसका दामन न छोड़ें ' तमसो मा ज्योतिर्गमयश।

पूर्ण समृद्ध और सौंदर्यित श्लोकों के द्वारा अष्टावक्र जी ने जनक के द्वारा की गई जिज्ञासा का समाधान किया था और जनक ज्ञान के, वेदांत पाठ के रास्ते पर चल पड़े थे और उन्होंने विदेहमुक्ति भी पाई थी। यह पुरातन संदर्भ आज भी भारतीय समाज के बीच जाग्रत है इसमें संदेह नहीं।

अष्टावक्र जी से जुड़ी कई कथाओं में से एक को यहां उद्धत करना जरूरी लगता है :- जब अष्टावक्र जी पहली बार राजा जनक के दरबार में पहुंचे थे, तो आठ अंगों से टेढ़े उस डगमग-डगमग चलती हुई आकृति को देखकर, सभा में बैठे लोग ठठाकर हंस पड़े, उन्हें हंसते देखकर अष्टावक्र जी भी हंस पड़े और जनक की ओर देखकर कहा- राजन! मैं तो समझा था कि तुम्हारी सभा में बुद्धिनिष्ठ लोगों ने आसन ग्रहण किया होगा, लेकिन ये सभासद तो मेरे शरीर और शरीर पर स्थित चर्म तक ही देख पा रहे हैं. ये तो मेरा स्व (आत्म) देख पाने में सक्षम ही नहीं हैं। राजा जनक ने यह सुना और वे आत्मज्ञानी (ब्रह्मज्ञानी) की वाणी में छिपे तत्त्व को समझ कर नत हो गए, सिंहासन उतरकर आए और गुरू अष्टावक्र जी को ससम्मान आसन तक ले गए।

सही ढंग से विचार करने पर कुछ प्रश्न मन में उठते हैं कि कैसे होते होंगे वे ज्ञानी , जो आत्मा के रहस्य को जानते होंगे, ब्रह्म के बारे में बताते होंगे , आखिर उनका व्यवहार कैसा होता होगा ? आत्मज्ञानी के बारे में कहा जाता है ..... वांछा न विश्वनिलये न द्वेष्तस्य च स्थितौ..... यानी कि उस (आत्मज्ञानी) के अन्दर न द्वेष होता है, न ही इच्छा, न ही विश्व के विलीन या स्थित बने रहने की बात की उसे चिंता रहती है। वह किसी भी तरह की सांसारिक चिंता नहीं किया करता है, वह समदर्शी, सम्यक भाव में अविचलित जीवन शैली के बीच विचरता है। समय गवाह है कि आत्म ज्ञानी को, ब्रह्म के जानकार को भारतीय समाज में बहुत ही ऊंचा दर्ज प्राप्त है। उसके बारे में कहा जाता है ...... स एव धन्य आत्मज्ञः सर्वभावेषु यः समः. .... अर्थात जो आत्म को जानता है वह धन्य है , विशिष्ट है, वह सभी स्थितियों में एकसम रहता है। तो इस तरह अष्टावक्र के बारे में जानने के क्रम में हम आत्मज्ञ की परिभाषा से भी परिचित हो जाते हैं।

भारतीय जीवन पद्धति के बीच धनी होना, राजा बनना, समूचे विश्व का मालिक बन जाना यानी कि सांसारिक सुखों की परकाष्ठा पर पहुंच जाना एक बात है, लेकिन आत्मज्ञानी होना, ब्रह्मज्ञानी होना मानों सर्वोच्च पद को प्राप्त करना है और उस सर्वोच्च पद को बीत चुके चतुर्युगियों के बीच कई लोगों ने पाया था, योगवाशिष्ठ की राजरानी लीला, मुनि वीतहव्य वगैरह ने और उपनिषद के याज्ञवल्क्य, प्रवाहण, रैक्ब नारद वगैरह ने भी। ऐसे में याद रखने वाली बात यह है कि हम एक समृद्ध परम्परा के वंशज हैं। आचार-विचार और व्यवहार में इसे याद रखना और बार-बार यह दुहराना भी जरूरी है ताकि सनद रहे !

सच है कि ज्ञान हो या व्यवहार इन सभी को अगर पाना है तो किसी भी कालखंड में बहुत सा प्रयास करके , बहुत ही ऊंचाई तक जाना पड़ता है और तब जाकर बड़ी-बड़ी कोशिशों के बाद ज्ञान को पाया जा सकता है।


www.readwhere.com

कांग्रेस ने राष्ट्रीय भर्ती एजंसी पर खड़े किए सवाल, कहा

# चार वर्षों में एक भी परीक्षा नहीं कराई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने 'शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने' का बीड़ा उठाया है। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय भर्ती एजंसी (एनआरए) ने पिछले चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की है।



खरगे की प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को मुंबई में की गई उस टिप्पणी पर आई है, जिसमें उन्होंने जोर दिया था कि पिछले तीन से चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर कहा के प्रधानमंत्री, कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने राष्ट्रीय भर्ती एजंसी की घोषणा करते हुए क्या कहा था।

उन्होंने कहा कि अगस्त 2020 में आपने कहा था कि राष्ट्रीय भर्ती एजंसी करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी और सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से, यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा तथा कीमती समय के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारे तीन सवाल हैं, राष्ट्रीय भर्ती एजंसी ने पिछले चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई? क्यों राष्ट्रीय भर्ती एजंसी को ?1,517.57 करोड़ का फंड मुहैया कराने के बावजूद, 4 वर्षों में अब तक केवल ?58 करोड़ खर्चा किया गया है? राष्ट्रीय भर्ती एजंसी सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए बनी संस्था थी। क्या जानबूझकर राष्ट्रीय भर्ती एजंसी को निष्क्रिय रखा गया, ताकि एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के युवाओं से उनके आरक्षण का हक छीना जा सके? खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए के जरिये 'धांधली, पर्चाफोड़ व घोटाला कराया गया' और राष्ट्रीय भर्ती एजंसी से परीक्षा ही नहीं करवाई गई। एनटीए नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद में है।

खरगे ने आरोप लगाया कि शिक्षा प्रणाली को तहस-नहस करने का और युवाओं के भविष्य को तंग-तबाह करने का बीड़ा भाजपा-आरएसएस ने उठाया है।हमने राष्ट्रीय भर्ती एजंसी का मुद्दा पहले भी उठाया था, पर मोदी सरकार मौनव्रत धारण कर के बैठी हुई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में एक मीडिया रपट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि राष्ट्रीय भर्ती एजंसी पिछले चार वर्षों में 58 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद एक भी परीक्षा आयोजित नहीं कर पाई है।

***'कारपोरेट कर में कटौती से दो लाख करोड़ अरबपतियों की जेब में गए'***

व्यक्तिगत आयकर संग्रह के कारपोरेट कर संग्रह से अधिक होने को लेकर कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि कारपोरेट कर में कटौती से दो लाख करोड़ रुपए अरबपतियों की जेब में चले गए हैं, जबकि मध्यम वर्ग पर भारी कर का बोझ जारी है। विपक्षी पार्टी ने सरकार पर यह हमला ऐसे वक्त किया है, जब एक दिन पहले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों में दिखाया गया है कि 5,74,357 करोड़ रुपए (11 जुलाई, 2024 तक) का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह हुआ है, जिसमें 2,10,274 करोड़ रुपए का कारपोरेट आयकर और रिफंड को छोड़कर, 3,46,036 करोड़ रुपए का व्यक्तिगत आयकर शामिल है।

## लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता बने गौरव गोगोई, के सुरेश मुख्य सचेतक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

कांग्रेस के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे और इस निर्णय के बारे में एक पत्र अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला को पत्र लिखकर उन्हें संसद के निचले सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और दो सचेतक नियुक्त किए जाने के बारे में जानकारी दी है।



उन्होंने बताया कि गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता होंगे, जबकि केरल से आठ बार के सांसद के सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। विरुधुनगर के सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज के सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। इससे पहले, पार्टी ने राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया था। वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाएंगे।

गौरव गोगोई असम की जोरहाट सीट से लोकसभा सांसद हैं। उन्हें कांग्रेस के तेजतर्रार नेता के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने 1,44,393 मतों के भारी अंतर से चुनाव जीता है। गौरव गोगोई कई बार कांग्रेस की तरफ से संसद में पार्टी की तरफ से बहसों में शामिल होते हैं। लोकसभा का पहला सत्र समाप्त हो चुका है। अब सबकी निगाहें बजट सत्र पर हैं। 22 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद सत्र चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। इससे पहले कांग्रेस ने बड़ा फैसला लेते हुए लोकसभा में उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतक का नाम घोषित कर दिया।

रांची में आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा

## संघ से हर साल जुड़ रहे हैं एक से सवा लाख लोग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हर वर्ष एक से सवा लाख लोग जुड़ रहे हैं। इन लोगों में बड़ी संख्या देश के युवाओं की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने रांची में समाप्त हुए सम्मेलन के आखिरी दिन यह जानकारी। बैठक में सभी प्रांत के प्रचारक शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि देश की युवा शक्ति काफी संख्या में संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही है। संघ ने वर्ष 2012 में 'संघ से जुड़ो' कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके आंकड़ों से यह जानकारी निकल कर आई है। हाल ही में होने वाले चुनावों के मद्देनजर इस बैठक को अहम माना जा रहा था। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि अक्षत वितरण अभियान के दौरान 15 दिनों में देश के पौने छह लाख गांवों तक स्वयंसेवक पहुंचे थे। इस वर्ष भी जून के अंत तक 66,529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है। इस वर्ष से संघ प्रशिक्षण वर्गों की रचना व पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। देशभर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के लिए इस वर्ष कुल 72 वर्ग (संघ शिक्षा वर्ग 60, कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम झ 11, कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय - 1) आयोजित हुए, इनमें कुल 20615 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसी प्रकार 40 से 65 वर्ष की आयु के लोगों के लिए आयोजित 18 वर्गों में 3,335 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। पिछले वर्ष आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्गों में एक लाख नए लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ऐसे ही नई रचना में सामान्य स्वयंसेवकों के लिए पहली बार प्रारंभिक वर्गों (तीन दिवसीय) का आयोजन देशभर में हो रहा है, जिसमें प्राथमिक से दोगुनी संख्या में युवा सहभागी हो रहे हैं।

बैठक में कुल 227 कार्यकर्ता शामिल हुए और इसमें संगठन दृष्टि से महत्त्वपूर्ण विषयों पर मंथन हुआ। आपसी विचार विमर्श के लिए विविध संगठनों की समन्वय बैठक होगी। यह बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर 2024 को केरल के पलक्कड़ में होगी।

**संघ ने वर्ष 2012 में की थी आनलाइन जोड़ने की मुहिम शुरू। इस साल सभी दैनिक बस्तियों में संघ की शाखाएं खोलने का लक्ष्य।**



आस्था

हैदराबाद में रविवार को बोनालु उत्सव के दौरान कुछ इस अंदाज में नृत्य करते श्रद्धालु।

## लाल बत्ती लगाकर इस्तेमाल की गई आइएएस अधिकारी पूजा की कार जब्त

नई दिल्ली, 14 जुलाई (ब्यूरो)।

पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) की परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा कथित तौर पर लाल बत्ती लगाकर अवैध रूप से इस्तेमाल की गई 'लग्जरी कार' रविवार को जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शहर की एक निजी कंपनी को गुरुवार को नोटिस जारी किया था। खेडकर (34) की यहां नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल की गई 'आडी' कार इसी कंपनी के नाम से पंजीकृत है। पंजीकृत उपयोगकर्ता का पता हवेली तालुका के शिवाने गांव उल्लेख किया गया था। खेडकर हाल में पुणे में अपने पदस्थापन के दौरान अलग कक्ष और कर्मचारी जैसी मांगों को लेकर विवाद खड़ा करने के बाद चर्चा में रही थीं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने के लिए उन्होंने दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था। खेडकर ने 'आडी' कार पर कथित तौर पर लाल बत्ती का इस्तेमाल किया और बिना अनुमति उसपर 'महाराष्ट्र सरकार' भी लिखवाया था। विवाद के बाद, उन्हें प्रशिक्षण पूरा होने से पहले पुणे से वाशिम जिले में स्थानांतरित कर दिया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि खेडकर जिस निजी कार का इस्तेमाल कर रही थीं, उस पर लाल बत्ती और सरकारी चिह्न के अनधिकृत इस्तेमाल को लेकर गुरुवार को नोटिस जारी किया गया था। कार को जब्त कर लिया गया है, उसके दस्तावेजों की जांच की जाएगी और हम मामले की जांच कर रहे हैं।

## अनंतनाग में उमा भगवती मंदिर के कपाट 34 वर्षों के बाद खुले

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में देवी उमा भगवती का मंदिर 34 साल से अधिक समय के बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में फिर से खोला गया। वर्ष 1990 में कश्मीर घाटी में अशांत परिस्थितियों के कारण इसे बंद कर दिया गया था।

क्षेत्र की स्थानीय मुसलिम आबादी के सक्रिय सहयोग से यह मंदिर कल फिर खुल जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित पहुंचे और पूजा अर्चना की।अधिकारियों ने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य के बाद उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। राजस्थान से लाई गई देवी उमा की मूर्ति को धार्मिक भजनों के बीच गर्भगृह में रखा गया। मंदिर में 34 साल बाद घंटी की आवाज सुनकर कश्मीरी पंडित काफी खुश दिखे। स्थानीय लोगों, कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों दोनों ने मंदिर के जीर्णोद्धार पर खुशी जताई। स्थानीय निवासी गुलजार अहमद ने कहा कि हम अपने पंडित भाइयों की हर संभव मदद करने के लिए यहां हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि 34 साल बाद मंदिर में धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। लोगों ने कहा कि हमारी आस्था इस मंदिर के साथ है। कश्मीरी पंडितों के साथ हमारा भाईचारा आगे भी ऐसा ही रहना चाहिए। कश्मीरी पंडितों ने कश्मीरी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

गुजरात में कोयला खदान में दम घुटने से तीन मजदूरों की मौत

## दो भाजपा नेताओं समेत चार के खिलाफ मामला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में एक अवैध कोयला खदान में दम घुटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में दो भाजपा नेताओं समेत चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

जिले के मुली-मुली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित लक्ष्मण डाभी (35), खोदाभाई मकवाना (32) और विराम केरलिया (35) शनिवार को जिले के थानगढ़ तालुका के भेट गांव के पास एक खदान में खुदाई कर रहे थे कि इसी दौरान दम घुटने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जब तीनों लोग संबंधित आरोपियों के लिए कार्य कर रहे थे तो उनके पास हेलमेट, मास्क या अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं थे। प्राथमिकी के अनुसार आरोपियों ने मृतकों को कुआं खोदने के काम में लगाते समय हेलमेट या अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए थे।

इसमें कहा गया है कि कुएं से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि जशाभाई केरलिया, जनक अनियारिया, खिमजीभाई सरदिया और कल्पेश परमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सरदिया भाजपा के टिकट पर निर्वाचित सुरेंद्र नगर जिला पंचायत की सदस्य साजनबेन सरदिया के पति हैं। परमार भाजपा शासित मुली तालुका पंचायत की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष हैं।

पुलिस के अनुसार, मृतक लक्ष्मण डाभी के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसे 700 रुपए प्रतिदिन मजदूरी दे रहे थे, लेकिन हेलमेट जैसे कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दे रहे थे। इससे पहले फरवरी में जिले में एक अवैध खनन कार्य के लिए 'जिलेटिन' की छड़ों से हुए विस्फोट के बाद निकली जहरीली गैस के कारण तीन श्रमिकों की मौत हो गई थी।

**तीनों मृतकों की पहचान 35 वर्षीय लक्ष्मण डाभी, 35 वर्षीय विराम केरलिया और 32 वर्षीय खोदा मकवाना के रूप में हुई है।**

*पेज 1 का बाकी*

## वार्ड में घुसकर मरीज की गोली मारकर हत्या

बातचीत कर रहा था और अचानक हथियार निकाला और उसे गोली मारकर फरार हो गया। गोली लगने से मौके पर ही रियाजुद्दीन की मौत हो गई।रियाजुद्दीन खजूरी खास के श्रीराम कालोनी के ए ब्लाक के गली नंबर-14 का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि गोली मारने के बाद अस्पताल में आसपास घूम रहे कुछ लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे लोग कामयाब नहीं हो सके। पीड़ित रियाजुद्दीन के परिवार से भी जानकारी ली जा रही है।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है। जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज जांच किए जा रहे हैं, जिससे आरोपी की पहचान हो सके। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह उठने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आम मरीजों के तीमारदारों को अंदर आने में काफी खोजबीन और सत्यापन किया जाता है।

रियाजुद्दीन से मिलने के लिए आने वाले आरोपी की पहचान के बिना कैसे अंदर आने दिया गया। इसी जांच होनी चाहिए। दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बदतरदिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस वारदात के बाद उपराज्यपाल पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आपके आने के बाद पिछले दो साल में दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। अपराधियों में कानून का खौफ खत्म हो गया है। दिन दहाड़े अस्पताल में घुस के गोलियां चल रही हैं। एक नर्स ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर वार्ड के बाहर भीड़ जमा हो गई और उनमें से एक ने पुलिस को मामले की सूचना दी। उन्होंने कहा कि वार्ड के अंदर मौजूद सभी लोगों के लिए यह डरावना था।

## भरी सभा में ट्रंप पर दागीं गोलियां

बाहर ले जाया गया। ट्रंप ने भीड़ की ओर मुट्ठी बांध कर हाथ हवा में लहराया और कहा कि 'हम मुकाबला करेंगे'। इसके बाद, उन्हें कार में बिठाकर पिट्सबर्ग क्षेत्र के एक अस्पताल ले जाया गया। सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाते वक्त ट्रंप ने कहा, 'मुझे मेरे जूते ले लेने दीजिए।' गोलीबारी की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घटना की जांच 'हत्या के प्रयास' मामले के तौर पर की जा रही है। 'सीक्रेट सर्विस' के एक सदस्य ने हमलावर को मार गिराया। ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल के प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ठीक हैं। संघीय जांच एजंसी एफबीआइ ने हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले 20 वर्षीय थामस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है। वह रिपब्लिकन के रूप में वोट करने के लिए पंजीकृत था। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घटना के संबंध में और अपनी हालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, 'यकीन नहीं होता कि हमारे देश में ऐसी घटना हो सकती है। हमलावर मारा गया है लेकिन हम उसके बारे में कुछ नहीं जानते। मेरे दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। सनसनाहट महसूस हुई और गोलियों की आवाज सुनकर मैं तुरंत समझ गया था कि कुछ गलत हुआ है। फिर तुरंत मुझे महसूस हुआ कि गोली मेरी त्वचा को छूकर निकली है। काफी खून निकल गया था, तब मुझे एहसास हुआ कि क्या कुछ हो रहा है।

एफबीआइ के विशेष एजंट एवं पिट्सबर्ग कार्यालय के प्रभारी केविन रोजेक ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि बंदूकधारी कई गोलियां चला पाने में कामयाब रहा। रोजेक ने कहा, 'आज शाम हमारे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला किया गया।' इस बात की गहन जांच की जाएगी कि असल में क्या हुआ था और वह व्यक्ति उस स्थान तक कैसे पहुंचा, उसके पास किस तरह का हथियार था। घटनास्थल पर बम-निष्क्रिय करने वाले उपकरण लगाए गए हैं। रोजेक ने कहा, 'किसी संदिग्ध वस्तु की तलाश करने के लिए यह प्रारंभिक मानक प्रक्रिया है। इस मामले में जिस स्थान पर बंदूरधारी था, वहां एक संदिग्ध वस्तु की पहचान की गई थी इसलिए पूरी सवधानी बरतते हुए इन उपकरणों को वहां लगाया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह क्षेत्र सुरक्षित है और जांचकर्ता वहां जा सकते हैं।' पेनसिल्वेनिया राज्य पुलिस के जार्ज बिवेंस ने कहा कि अधिकारियों को हथियार के संबंध में अंदाजा है, लेकिन अभी जांच जारी है। क्या हमलावर अकेला था, यह पूछे जाने पर बिवेंस ने कहा, 'हम बहुत सारी जानकारियों पर भी गौर कर रहे हैं। इस सवाल का उपयुक्त जवाब देने में हमें कुछ समय लगेगा।'

रोजेक ने कहा कि एफबीआई को अब भी यह पता नहीं चल पाया है कि हमले का मकसद क्या था। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अब कोई खतरा है। एफबीआइ ने जांच के सिलसिले में जांच एजंट, साक्ष्य एकत्रीकरण दल और अन्य कर्मियों को तैनात किया है। कानून प्रवर्तन से जुड़े कई अधिकारियों ने 'सीबीएस न्यूज' को बताया कि हमलावर ने 200 से 300 फुट की दूरी पर स्थित एक ऊंचे स्थान से 'एआर'-सरीखी राइफल से गोली चलाई। ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल ने कहा, 'पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ठीक हैं और कानून प्रवर्तन और अन्य की त्वरित कार्रवाई के लिए उनके आभारी हैं।' प्रचार अभियान दल ने कहा,'ट्रंप मिल्वाकी में आप सभी के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप अमेरिका को फिर से महान देश बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा करना जारी रखेंगे।'वाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नवंबर में होने वाले चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप से बात की है। वाइट हाउस के अधिकारी ने हालांकि यह नहीं बताया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई, लेकिन कहा कि बाइडेन ने पेनसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो और बटलर के मेयर बाब डैंडोय से भी बातचीत की है।

## ट्रंप की ही पार्टी का सदस्य था हमलावर

किया। पिट्सबर्ग ट्रिब्यून-रिव्यू के अनुसार, उसे नेशनल मैथ एंड साइंस इनिशिएटिव से पांच सौ डालर का स्टार अवार्ड मिल चुका था। अधिकारियों के मुताबिक, क्रूक्स का कोई आपराधिक इतिहास नहीं था।

वर्ष 2021 के संघीय चुनाव आयोग की फाइलिंग से पता चलता है कि जब क्रुक्स 17 साल का था, तब उसे वामपंथी और डेमोक्रेटिक राजनेताओं के लिए धन जुटाने वाली एक संस्था को 15 डालर का दान दिया था। संदिग्ध के पिता, 53 वर्षीय मैथ्यू क्रुक्स ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि आखिर हुआ क्या था और टिप्पणी करने से पहले वह कानून प्रवर्तन एजंसियों से बात करेंगे।

## आभूषणों और कीमती वस्तुओं की बनेगी सूची, होगी मरम्मत

जाने पर सरकार की मंजूरी मिलने के बाद किया जाएगा। हमारी पहली प्राथमिकता रत्न भंडार की संरचना की मरम्मत करना है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद कीमती सामान वापस लाया जाएगा और फिर सूची तैयार की जाएगी। पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाबियां उपलब्ध थीं जिनमें से एक गजपति महाराज के पास, दूसरी एसजेटीए के पास और तीसरी एक सेवक के पास थी।

आंतरिक कक्ष की चाभी गायब है, हालांकि उसे नई चाभी से खोलने के बाद सील कर दिया जाएगा तथा जिलाधिकारी की निगरानी में नई चाभी को जिला कोषागार में रखा जाएगा। रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। इन संदूकों के अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा हुआ है।

एक अधिकारी ने बताया कि सागवान की लकड़ी से बने ये संदूकें 4.5 फुट लंबी, 2.5 फुट ऊंची और 2.5 फुट चौड़ी हैं। इन संदूकों को बानने वाले एक कारीगर ने बताया कि मंदिर प्रशासन ने 12 जुलाई को हमें ऐसी 15 संदूकें बनाने के लिए कहा था। 48 घंटे की मेहनत के बाद हमने छह संदूक बनाई थीं। सुबह न्यायमूर्ति रथ और पाधी ने गुंडिचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों की पूजा-अर्चना की थी और इस कार्य के सुचारु रूप से पूरा होने की कामना की थी। भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमाएं फिलहाल गुंडिचा मंदिर में हैं, जहां उन्हें सात जुलाई को रथ यात्रा के दौरान ले जाया गया था। अगले सप्ताह बाहुदा यात्रा के दौरान उन्हें जगन्नाथ मंदिर में वापिस स्थापित किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई है।

तीन एसओपी तैयार की गई हैं, जिसमें से एक रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित है, दूसरा अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए है और तीसरा कीमती सामान की सूची से संबंधित है। सरकार ने रत्न भंडार में मौजूद बहुमूल्य वस्तुओं की डिजिटल सूची तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें उनके वजन और निर्माण आदि का विवरण दिया जाएगा। एएसआइ के अधीक्षक गड़नायक ने बताया कि रत्न भंडार की मरम्मत करने के लिए मैकेनिकल, सिविल और ढांचागत निर्माण कार्य से जुड़े कई अभियंता निरीक्षण करेंगे।

**पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाभियां उपलब्ध थीं जिनमें से एक गजपति महाराज के पास, दूसरी एसजेटीए के पास और तीसरी एक सेवक के पास थी।**

**उन्होंने बताया कि आंतरिक कक्ष की चाभी गायब है, हालांकि उसे नई चाभी से खोलने के बाद सील कर दिया जाएगा तथा जिलाधिकारी की निगरानी में नई चाभी को जिला कोषागार में रखा जाएगा।**

## राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं : मोदी

हूं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश किए जाने पर रविवार को गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्यों की कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। मैं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश किए जाने से काफी चिंतित हूं। ऐसे कृत्यों की कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्रंप के शीघ्र एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना भी की।

राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश किये जाने से काफी चिंतित हूं। ऐसे कृत्यों की कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्रंप के शीघ्र एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना भी की। यूएस सीक्रेट सर्विस ने बताया कि शनिवार को एक संदिग्ध हमलावर ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी। हमलावर ने रैली में एक दर्शक की हत्या कर दी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्रंप के शीघ्र एवं पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना भी की।वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बहुत आहत हूं।

उन्होंने कहा कि मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। किसी भी लोकतांत्रिक और सभ्य समाज में ऐसी हिंसा का कोई स्थान नहीं है। भारत, अमेरिका के लोगों के साथ है और हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

## खबर कोना



*लखनऊ* में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।।

### देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में 15.5 फीसद बढ़ा

नई दिल्ली, 14 जुलाई (भाषा)।

देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 फीसद बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 फीसद अधिक है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 फीसद बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,52,156 इकाई था।

### भवन निर्माताओं ने परियोजना पूरी करने का समय 20 फीसद घटाया

नई दिल्ली, 14 जुलाई (भाषा)।

सात प्रमुख शहरों में भवन निर्माता इकाइयों को सख्त नियमों और नवीनतम निर्माण प्रौद्योगिकियों के उपयोग के कारण एक परियोजना को पूरा करने में औसतन 18-20 फीसद कम समय ले रहे हैं। भवन निर्माता परामर्श कंपनी एनाराक ने शीर्ष सात शहरों में 2010-2019 और 2014 से लेकर 2024 की पहली छमाही के बीच शुरू की गई और पूरी की गई सभी परियोजनाओं का विश्लेषण किया। पिछले दशक में इन सात शहरों में 500 से कम इकाइयों वाली छोटी परियोजनाओं को पूरा करने में लगने वाला औसत समय चार वर्ष था, जबकि भवन निर्माताओं को 500 से अधिक इकाइयों वाली बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने में 4.9 वर्ष लगे। भवन निर्माताओं द्वारा 2010-19 की अवधि के दौरान लिया गया औसत समय छोटी परियोजनाओं के लिए 4.9 वर्ष और बड़ी परियोजनाओं के लिए 6.1 वर्ष था।

### दलित व्यक्ति की हत्या के आरोप में पूर्व भाजयुमो पदाधिकारी गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक दलित व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक पूर्व पदाधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) जयदीप प्रसाद ने बताया कि शनिवार दोपहर तेंदुहा-पोडी मार्ग पर एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी पहचान बाद में लाले बंसल (23) के रूप में हुई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने कहा कि चितरंगी पुलिस की तीन टीम गठित की गईं और सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य जानकारियों की मदद से 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया गया, जिससे अभिषेक पांडेय की गिरफ्तारी हुई। आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है और उसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई पिस्तौल भी बरामद कर ली गई है। इस बीच कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दावा किया कि एक दलित व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

लोकसभा चुनाव परिणाम पर भाजपा कार्यसमिति की बैठक में मंथन, नड्डा-योगी ने दिया संदेश

# यूपी में उपचुनाव जीत कर दिखाएंगे दम

लखनऊ, 14 जुलाई (भाषा)।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की लखनऊ में रविवार को हुई बैठक में लोकसभा चुनाव में अपेक्षित जीत न मिलने की कसक तो दिखी पर दिग्गजों ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। इस दौरान स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया कि हार से हौसला कम नहीं करना है। आगामी उपचुनाव में सभी दस सीट जीतने के लिए एकजुट होकर दमदार प्रयास करना है।

उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें हमेशा आत्मविश्वास रखना चाहिए और उस आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण भी लगातार बने रहना चाहिए। डा राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के आंबेडकर सभागार में आयोजित एक दिवसीय बैठक के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि कोई बाहर वाला हमें नहीं बताता, हमें खुद मालूम है कि हमें क्या करना है, इसलिए हमारा विश्वास भी न डगमगाए और हमारी चिंतन की प्रक्रिया लगातार चलती रहे, इसका हमें ध्यान रखना है।

नड्डा ने दावा किया कि जनता भाजपा के साथ है। 17 राज्यों में राजग और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं और आपको जानकर खुशी होगी कि 58 फीसद भूभाग पर भाजपा का कमल खिल रहा है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम किस पार्टी के सदस्य हैं। भाजपा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट जाएं तो आपको (सरकार में आने से) हमेशा के लिए रोक सकते हैं।

### निशाने पर रहे राहुल और प्रियंका

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में अमूमन सभी वक्ताओं के निशाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी रहीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी बिना नाम लिए राहुल और प्रियंका निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि राजनीतिक कार्यकर्ता की हैसियत से हम कौन सा दृष्टिकोण लोगों के सामने खड़ा कर रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि ये कांग्रेसी (क्या कहना चाहते हैं) और ये भाई-बहन पढ़े लिखे अनपढ़ लगते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर कांग्रेसियों की आंखें तो ठीक कर सकता हूं, लेकिन वह दृष्टि कहां से लाऊं। इनके अलावा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी राहुल और प्रियंका पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को भस्मासुर तक करार दिया।

## ईडी ने 29 अधिकारियों को किया नियुक्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश भर में स्थित अपने कार्यालयों में विभिन्न पदों पर 24 से अधिक नवनियुक्त और हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों को तैनात किया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले सप्ताह सहायक निदेशक, उप-निदेशक और संयुक्त निदेशक के पदों पर कुल 29 अधिकारियों को नियुक्त किया था।इसमें ईडी कैडर के नौ अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा पदोन्नत किया गया था। जांच एजेंसी में ऐसा पहली बार हुआ है जब इतने सारे अधिकारियों को संयुक्त निदेशक (जेडी) पद पर पदोन्नत किया गया है। आदेश की एक प्रति के मुताबिक, कैडर के अधिकारियों को भुवनेश्वर, रायपुर, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालयों और दिल्ली स्थित मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

## बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

### मसविदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

केंद्र सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाले विधेयक पेश कर सकती है।

संशोधन विधेयक में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्गीय के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देने जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं।

इस पहल से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। इससे बीमा कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ने से लोगों को फायदा मिल सकता है।

बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**संशोधन विधेयक में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्गीय के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देने जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं।**

समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पालिसियों को 'अंडरराइट' करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने की घटनाओं के लिए गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है।

सूत्रों का कहना है कि विधेयक का मसविदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा। वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से बीमा धारकों के हितों को प्रोत्साहन के साथ साथ उन्हें मिलने प्रतिफल में सुधार और बीमा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इस क्षेत्र में प्रतिभागियों के प्रवेश को सुगम बनाने से रोजगार सृजन, बीमा क्षेत्र के परिचालन और वित्तीय दक्षता में बढ़ोतरी के साथ कारोबार भी सुगम होगा।

गृह मंत्रालय ने जारी किया परामर्श

## संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर सतर्क रहें सरकारी कार्यालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर अपराध इकाई ने रविवार को कहा कि ई-मेल पर किसी सरकारी कार्यालय से संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर लोगों को इसमें लिखे अधिकारी के नाम की प्रामाणिकता की इंटरनेट पर जांच करनी चाहिए और संबंधित विभाग को फोन करना चाहिए।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) ने एक सार्वजनिक विज्ञापन में कहा कि उपयोगकर्ताओं को किसी सरकारी ई-नोटिस की आड़ में भेजे गए 'फर्जी ईमेल' को लेकर सतर्क रहना चाहिए। विज्ञापन में आगाह किया गया है कि यह कोई ठग हो सकता है जो लोगों को 'साइबर धोखाधड़ी का शिकार' बना सकता है। 4सी ने ऐसे ईमेल पर क्लिक करने या उनका जवाब देने से पहले जवाबी उपाय सुझाए हैं : यह जांच करें कि क्या ईमेल किसी प्रामाणिक सरकारी वेबसाइट से आया है जिसके अंत में 'जीओवी डाट इन' है, ईमेल में नामित अधिकारियों के संबंध में इंटरनेट पर जानकारी खंगाले और प्राप्त ई-मेल को सत्यापित करने के लिए उल्लिखित विभाग को फोन करें।

इस महीने की शुरुआत में, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने ईमेल उपयोगकर्ताओं को दिल्ली पुलिस साइबर अपराध और आर्थिक अपराध, केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो (सीईआइबी), खुफिया ब्यूरो और दिल्ली के साइबर प्रकोष्ठ के नाम, हस्ताक्षर, टिकट और 'लोगो' वाले धोखाधड़ी के ई-मेल के बारे में सचेत करते हुए एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया।

## वायुसेना ने आपरेशन सफेद सागर को याद किया, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

भारतीय वायुसेना ने 25 साल पहले हुए आपरेशन सफेद सागर को याद किया और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के सम्मान में भारतीय वायुसेना 12 से 26 जुलाई तक वायुसेना स्टेशन, सरसावा में 'करगिल विजय दिवस रजत जयंती' मना रही है।

इस दौरान आयोजित एअर शो में जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और रफाल जैसे लड़ाकू विमानों ने अपनी खूबियों को प्रदर्शित किया। शहीद नायकों की स्मृति में एमआइ-17 वी5 हेलिकाप्टर ने 'मिसिंग मैन फार्मेशन' उड़ान भरीं। करगिल युद्ध के दौरान दुश्मन के खिलाफ लड़ाई में थलसेना के प्रयासों को मजबूत करने के लिए वायुसेना ने हजारों लड़ाकू मिशन और हेलिकाप्टर उड़ानों को अंजाम दिया था।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत ने 1999 में दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में लड़ी गई इस लड़ाई में पाकिस्तान धूल चटा दी थी। वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वायु योद्धाओं को रविवार को वायुसेना स्टेशन स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए उनसे बातचीत की। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस दौरान एक शानदार एअर शो का आयोजन किया गया, जिसमें जगुआर, एसयू-30 एमकेएल और राफेल लड़ाकू विमानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किए।



**करगिल** करगिल विजय के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में करगिल विजय दिवस रजत जयंती के दौरान जवान।

## 'वित्तीय संकट से जूझ रही एमटीएनएल के बांड ब्याज का सरकार करेगी भुगतान'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

सार्वजनिक क्षेत्र की महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बांड बकाए का भुगतान अब सरकार करेगी।

दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी। सरकार के इस कदम को बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे एमटीएनएल का वित्तीय संकट टल जाएगा।

कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट को देखते हुए इसी सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष के कारण कुछ बांड धारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई को देय है।

**दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी। कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट को देखते हुए इसी सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष के कारण कुछ बांड धारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है।**

दूरसंचार विभाग के सूत्रों का कहना है कि सरकार कदम उठाएगी और उक्त बकाया का भुगतान करेगी।

यह भी कहा कि बकाया राशि का भुगतान तय तारीख से पहले किया जाएगा। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) के मुताबिक, एमटीएनएल को देय तिथि से 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।

एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।

## 'एक्स' पर मोदी के फालोअर की संख्या 10 करोड़ के पार हुई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फालोअर की संख्या रविवार को 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन साल में उनके फालोअर की संख्या में तीन करोड़ की वृद्धि हुई है। वैश्विक स्तर पर वह पहले से ही इस सोशल मीडिया मंच पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले सरकार प्रमुख हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जैसे विपक्षी नेताओं के क्रमशः 2.75 करोड़ और 2.64 करोड़ फालोअर के मुकाबले मोदी के फालोअर की संख्या कई गुना अधिक है। अन्य देशों की सरकार प्रमुखों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के 3.81 करोड़ और तुर्की के राष्ट्र प्रमुख रजब तैयब एर्दोआन के 2.15 करोड़ फालोअर हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'एक्स पर 100 करोड़! इस जीवंत माध्यम पर आकर और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना तथा बहुत कुछ का हिस्सा बनकर खुश हूं। भविष्य में भी इसी प्रकार से लोगों से जुड़े रहने को उत्सुक हूं। एक अधिकारी ने कहा, 'मौजूदा वैश्विक खिलाड़ियों जैसे विराट कोहली (6.41 करोड़), ब्राजील के फुटबालर नेमार जूनियर (6.36 करोड़) भी ज्यादा फालोअर प्रधानमंत्री मोदी के हैं।

वैश्विक शिक्षा निगरानी रपट में किया गया दावा | **चिंताजनक** | जलवायु संबंधित घटनाओं के कारण बंद हो रहे विद्यालय

# जलवायु परिवर्तन से हो रहा पढ़ाई का नुकसान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

जलवायु संबंधी तनाव जैसे कि गर्मी, जंगल की आग, बाढ़, सूखा, बीमारियां और बढ़ते समुद्री जलस्तर ने शैक्षिक परिणामों पर विपरीत प्रभाव डाला है जिससे हाल के दशक में अर्जित शैक्षिक बढ़त पर पानी फिर जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। वैश्विक शिक्षा निगरानी रपट में यह दावा किया गया है।

वैश्विक रपट को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), 'मानिटरिंग एंड इवैल्यूएटिंग क्लाइमेट कम्युनिकेशन एंड एजुकेशन'परियोजना और कनाडा के सस्केचेवान विश्वविद्यालय द्वारा संकलित किया गया है। इसमें इंगित किया गया है कि अधिकांश निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हर साल जलवायु से संबंधित घटनाओं के कारण स्कूल बंद हो रहे हैं, जिससे पढ़ाई के नुकसान और विद्यार्थियों के स्कूल छोड़ने की आशंका बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्रभाव पहले से ही शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बाधित कर रहे हैं। प्रत्यक्ष प्रभावों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे के विनाश के साथ-साथ छात्रों, अभिभावकों और स्कूल कर्मचारियों का मौत और चोट की चपेट में आना शामिल है।

**रपट के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में चरम मौसम की कम से कम 75 फीसद घटनाओं में स्कूल बंद कर दिए गए, जिससे 50 लाख या उससे अधिक लोग प्रभावित हुए।**

**बाढ़ और चक्रवात सहित लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण छात्रों और शिक्षकों की मृत्यु हुई है और इसने स्कूलों को क्षतिग्रस्त और नष्ट कर दिया।**

**जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न व्यवधानों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों से निपटने के लिए बहु-क्षेत्रीय योजना, पाठ्यक्रम सुधार, शिक्षक प्रशिक्षण और सामुदायिक जागरूकता सहित जलवायु अनुकूलन पर व्यापक ध्यान देने की आवश्यकता है।**

रपट के मुताबिक, 'पिछले 20 वर्षों में चरम मौसम की कम से कम 75 फीसद घटनाओं में स्कूल बंद कर दिए गए, जिससे 50 लाख या उससे अधिक लोग प्रभावित हुए। बाढ़ और चक्रवात सहित लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण छात्रों और शिक्षकों की मृत्यु हुई है और इसने स्कूलों को क्षतिग्रस्त और नष्ट कर दिया।

गर्मी से पीड़ित बच्चों के शैक्षिक परिणामों पर महत्त्वपूर्ण हानिकारक प्रभाव पड़ता है। वर्ष 1969 और 2012 के बीच 29 देशों में जनगणना और जलवायु डेटा को जोड़ने वाले एक विश्लेषण से पता चला है कि प्रारंभिक जीवन काल के दौरान औसत से अधिक तापमान के संपर्क में आने का संबंध स्कूली शिक्षा के कम वर्षों से है खासकर दक्षिण पूर्व एशिया में।

भारत में शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताते हुए रपट में कहा गया है कि भारत में जीवन के पहले 15 वर्षों पर वर्षा संबंधी झटकों के अध्ययन से पता चला है कि इनसे पांच साल की उम्र में शब्दावली और 15 साल की उम्र में गणित और गैर-संज्ञानात्मक कौशल नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। ये प्रभाव लड़कों और कम शैक्षिक योग्यता वाले माता-पिता के बच्चों के लिए अधिक गंभीर थे।

सात एशियाई देशों में 140,000 से अधिक बच्चों द्वारा जीवन के शुरुआती दौर में अनुभव की गई आपदाओं के विश्लेषण में पाया गया कि विद्यार्थियों के 13-14 साल की उम्र तक पहुंचने पर इन आपदाओं का स्कूल में नामांकन (विशेष रूप से लड़कों के लिए) और गणित के प्रदर्शन (विशेष रूप से लड़कियों के लिए) के साथ नकारात्मक संबंध है।

www.readwhere.com

# बाइडेन ने की निंदा; देश एकजुट रहे : ट्रंप





हमले के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा करते अमेरिकी सुरक्षाकर्मी।

## ‘अमेरिका में हिंसा की जगह नहीं’

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जार्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन ने पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं है।



राष्ट्र को संबोधित करते हुए बाइडेन ने डेलवेयर में अपने आवास पर पत्रकारों से कहा कि देखिए, अमेरिका में इस तरह की हिंसा की कोई जगह नहीं है। यह घिनौना है। इससे जाहिर होता है कि क्यों हमें इस देश को एकजुट रखने की आवश्यकता है। हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। बाइडेन इस सप्ताहांत डेलवेयर में अपने घर पर समय बिता रहे थे, लेकिन आधी रात के बाद व्हाइट हाउस लौट आए। व्हाइट हाउस ने कहा कि रविवार सुबह व्हाइट हाउस में, उन्हें आंतरिक सुरक्षा और कानून प्रवर्तन अधिकारियों से अद्यतन जानकारी मिलेगी।

वाइट हाउस के एक बयान में बाइडेन ने कहा, जो बाइडेन ने देशवासियों से ‘एक राष्ट्र के रूप में एकजुट’ होने की अपील की और कहा कि वे इस हमले से जुड़े घटनाक्रम के सिलसिले में स्वतंत्र सुरक्षा समीक्षा का आदेश दे रहे हैं।

ओबामा ने भी हमले की निंदा की और ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ओबामा ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

बुश ने कहा कि उन्हें और उनकी पत्नी को यह जानकर तसल्ली मिली है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अपने ऊपर हुए कायरतापूर्ण हमले के बाद सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि हम सीक्रेट सर्विस के पुरुष और महिला अधिकारियों की उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा करते हैं। क्लिंटन ने कहा कि अमेरिका में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, खासकर हमारी राजनीतिक प्रणाली में। हिलेरी और मुझे यह जानकार राहत मिली कि ट्रंप सुरक्षित हैं, हम पेनसिल्वेनिया रैली में हुए हमले के सभी पीड़ितों के लिए दुखी हैं तथा यूएस सीक्रेट सर्विस की त्वरित कार्रवाई के लिए उनके आभारी हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि उन्हें ट्रंप पर हुए हमले के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि हम उनके, उनके परिवार तथा सभी घायलों और इस घृणित गोलीबारी से पीड़ित हुए लोगों लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## ‘बुराई को न जीतने दें हम अमेरिकी’

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक रैली में अपनी हत्या के प्रयास के बाद रविवार को कहा कि अमेरिका को एकजुट रहना चाहिए और देश के नागरिकों को अमेरिकी के तौर पर अपना सच्चा चरित्र दिखाना चाहिए। उन्होंने मजबूत और दृढ़ रहने की बात भी कही।



‘सीएनएन’ की खबर के अनुसार, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ‘ट्रूथ सोशल’ पर लिखा, ‘भगवान ने ही वह सब होने से रोक लिया, जिसके बारे में सोचा भी नहीं था।’ ट्रंप की पोस्ट के अनुसार, ‘ऐसे समय में यह अधिक महत्त्वपूर्ण है कि हम एकजुट रहें और अमेरिकियों के तौर पर अपना मूल चरित्र बनाए रखें। हम मजबूत और दृढ़संकल्पित बने रहें और बुराई को न जीतने दें।’ उन्होंने कहा, ‘हम डरेंगे नहीं।’

ट्रंप ने कहा कि वह जुझारू बने रहेंगे। उन्होंने कहा, ‘अन्य पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं।’ ट्रंप के प्रचार दल के प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की हालत ठीक है। यह घटना मिलवाउकी में होने वाले रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन से दो दिन पहले हुई, जिसमें ट्रंप को पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में आधिकारिक रूप से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया जा सकता है। ट्रंप इस हमले के बाद भी सम्मेलन में भाग ले सकते हैं।

ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा, ‘मुझे तुरंत लगा कि कुछ गड़बड़ है, क्योंकि मैंने एक तेज आवाज सुनी, गोलियां चलीं और तभी मुझे महसूस हुआ कि गोली मेरी त्वचा को चीरती हुई निकल गई। बहुत खून निकला।’ उन्होंने कहा, ‘भगवान ने ही वह सब होने से रोक लिया जिसके बारे में सोचा भी नहीं था।’

यह हमला 1981 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारे जाने के बाद से अमेरिका के किसी राष्ट्रपति या राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की सबसे संगीन कोशिश थी।

ध्रुवीकरण से अत्यंत प्रभावित अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से महज चार महीने पहले इस हमले ने सभी का ध्यान राजनीतिक हिंसा की ओर खींचा है। इसके बाद मिलवाउकी में सोमवार को शुरू होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में सुरक्षा परिदृश्य बदला नजर आ सकता है। आयोजकों ने कहा कि सम्मेलन योजनाबद्ध तरीके से ही आयोजित किया जाएगा।

## विश्व नेताओं ने की निंदा



राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और मेरी संवेदनाएं इस हमले के सभी पीड़ितों के साथ हैं।
*–केअर स्टार्मर, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री*



राजनीतिक हिंसा स्वीकार्य नहीं है। मेरी संवेदनाएं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, कार्यक्रम में मौजूद लोगों और सभी अमेरिकियों के साथ हैं।
*–जस्टिन ट्रूडो, कनाडा के प्रधानमंत्री*



दुनिया को लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए।
*– फुमियो किशिदा, जापान के प्रधानमंत्री*



यह हमारे लोकतंत्रों के लिए एक त्रासदी है। फ्रांस अमेरिकावासियों के सदमे और आक्रोश को साझा करता है।
*–इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस के राष्ट्रपति*



उम्मीद जताई कि ‘चुनाव अभियान के आने वाले महीनों में संवाद और जिम्मेदारी नफरत तथा हिंसा पर हावी हो सकती है।’
*–जार्जिया मेलोनी, इटली की प्रधानमंत्री*



सारा और हम राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले से स्तब्ध हैं। हम उनकी सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।
*–बेंजामिन नेतन्याहू, इजराइल के प्रधानमंत्री*

## चुनावी रैली में हुई थी जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की आठ जुलाई 2022 को हत्या कर दी गई थी। शिंजो आबे को हमलावर ने उस समय लक्षित किया जब वह नारा शहर में एक रैली में अपना भाषण दे रहे थे। हमलावर ने उन पर दो गोलियां चलाईं।

इसमें से एक गोली उनके सीने के आरपार हो गई। वहीं, दूसरी गोली उनकी गर्दन पर लगी थी।आबे तुरंत सड़क पर गिर गए। उनको अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनकी मौत हो गई।



स्थानीय मीडिया के मुताबिक, शिंजो आबे पर ये हमला सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास हुआ। एक दिन बार जापान में ऊपरी सदन के चुनाव थे। आबे इसी चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे। आबे ने जैसे ही बोलना शुरू किया, वैसे ही उनपर पीछे खड़े हमलावर ने गोलियां चला दीं।

आबे की हत्या करने वाले की पहचान यामागामी तेत्सुया के रूप में हुई। गोली चलाने के बाद यामागामी ने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, पूछताछ में यामागामी ने बताया है कि वो आबे की किसी बात से नाराज था, इसलिए उनकी जान लेना चाहता था।

**सियासत की खूनी डगर** | पांच राष्ट्रपतियों और राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारों की हत्या का प्रयास विफल रहा


# अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों व एक उम्मीदवार की हत्या

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं इस प्रकार हैं : अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जान वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान वह अपनी पत्नी मेरी टाड लिंकन के साथ वाशिंगटन के फोर्ड थियेटर में ‘अवर अमेरिकन कजिन’ नाटक देख रहे थे। अमेरिका के 20वें राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड देश के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनकी कार्यभार संभालने के छह महीने बाद हत्या कर दी गई थी। वह दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन की ओर जा रहे थे तभी चार्ल्स गितेऊ ने उन्हें गोली मार दी थी। गितेऊ को जून 1882 में दोषी ठहराया गया और मृत्युदंड दिया गया। अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैकिनले को छह सितंबर 1901 में न्यूयार्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी। मैकिनले की 14 सितंबर 1901 में मौत हो गई थी। अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी।

**जिनकी हत्या हुई**



1865 अब्राहम लिंकन, 16वें राष्ट्रपति | 1881 जेम्स गारफील्ड, 20वें राष्ट्रपति | 1901 विलियम मैकिनले, 25वें राष्ट्रपति | 1963 जान एफ केनेडी, 35वें राष्ट्रपति | 1968 राबर्ट एफ केनेडी, उम्मीदवार

**जिनकी हत्या का प्रयास हुआ**



1912 थियोडोर रूजवेल्ट, उम्मीदवार | 1933 फ्रैंकलिन रूजवेल्ट, 32वें राष्ट्रपति | 1972 जार्ज वालेस, उम्मीदवार | 1975 जेराल्ड फोर्ड, 38वें राष्ट्रपति | 1981 रोनाल्ड रीगन, 40वें राष्ट्रपति | 1994 बिल क्लिंटन, 42वें राष्ट्रपति | 2005 जार्ज वी बुश, 43वें राष्ट्रपति

फरवरी 1933 में हुई इस घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन इसमें शिकागो के मेयर एंटन कर्मांक की जान चली गई। अमेरिका के 33वें राष्ट्रपति हैरी एस ट्रुमैन नवंबर 1950 में वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में थे तभी दो बंदूकधारी उसमें घुस गए थे। बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में ट्रुमैन तो बच गए थे लेकिन वाइट हाउस का एक पुलिसकर्मी और एक हमलावर मारा गया था। अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जान एफ केनेडी नवंबर 1963 में जब प्रथम महिला जैकलीन केनेडी के साथ डलास गए थे तो एक बंदूकधारी ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया था। केनेडी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई थी।

अमेरिका के 38वें राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड पर 1975 में कुछ ही हफ्तों के भीतर दो जानलेवा हमले किए गए थे और वह दोनों घटना में बच गए। अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन मार्च 1981 में वाशिंगटन में भाषण देकर निकल रहे थे तभी भीड़ में शामिल जान हिंकले जूनियर ने उन्हें गोली मार दी। वह उपचार के बाद स्वस्थ हो गए थे। अमेरिका के 43वें राष्ट्रपति जार्ज डब्लू बुश 2005 में जार्जिया के राष्ट्रपति मिखाइल साकाश्विली के साथ एक रैली में भाग ले रहे थे तभी उनकी ओर एक हथगोला फेंका गया। हथगोला फटा नहीं था और कोई भी हताहत नहीं हुआ था।

राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी थियोडोर रूजवेल्ट को 1912 में मिलवाकी में प्रचार के दौरान गोली मारी गई थी।


उन्हें इस हमले में कोई गंभीर चोट नहीं आई थी। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी राबर्ट एफ केनेडी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल थे तभी 1968 में लास एंजिलिस में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी जार्ज सी वालेस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे तभी 1972 में मैरीलैंड में एक प्रचार अभियान के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी। इस घटना के कारण उन्हें कमर के निचले हिस्से में लकवा मार गया था।

## खबर कोना

### ट्रंप पर हमले के संदिग्ध के घर और गाड़ी में बम बनाने की सामग्री मिली : अधिकारी

बटलर, 14 जुलाई (एपी)।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में गोली चलाने के संदिग्ध व्यक्ति की गाड़ी में बम बनाने की सामग्री मिली है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के घर में भी बम बनाने की सामग्री मिली है। ट्रंप (78) शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए और उनके कान पर चोट आई। गोलीबारी की इस घटना में ट्रंप की रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ‘सीक्रेट सर्विस’ के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।



*रैली* में हमले के बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस का एजंट डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षा देते हुए।

### हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा : गवाह

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में मौजूद दो प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि उन्होंने हमलावर को देखा था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बंदूकधारी एक छत से दूसरी छत पर जा रहा था और शायद वह ट्रंप पर गोली चलाने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश में था। ट्रंप पर हुए हमले को उनकी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा एजंसियों की घोर लापरवाही के तौर पर देखा जा रहा है। हमलावर के ट्रंप के इतने नजदीक पहुंचना और उन पर हमला करना सुरक्षा एजंसियों की मुस्तैदी पर सवाल खड़े कर रहा है। अमेरिकी मीडिया की खबर के अनुसार, ट्रंप जिस स्थान से लोगों को संबोधित कर रहे थे वहां (मंच) से हमलावर ‘200 से 250 गज’ दूर था। ‘सीबीएस न्यूज’ की रपट के अनुसार, बेन मैकर नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उसने ‘उस युवक को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा।’ मैकर ने कहा कि हमलावर एक इमारत की छत पर था।

### मेलानिया ट्रंप ने अमेरिकियों से नफरत से ऊपर उठने की अपील की

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 14 जुलाई।

हत्या के प्रयास के दौरान अपने पति और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाल-बाल बच जाने के कई घंटे बाद मेलानिया ट्रंप ने



रविवार को अमेरिकियों से ‘नफरत से ऊपर उठने’ तथा ‘प्रेम से भरी’ दुनिया को साकार करने की अपील की। पति के घायल होने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में मेलानिया ट्रंप (54) ने यह बताने की चेष्टा की कि इस घटना के उनके और उनके परिवार के लिए क्या मायने हैं। उन्होंने देशवासियों से ‘नफरत से ऊपर उठने’ का आह्वान किया। उन्होंने एक बयान में कहा, ‘इस सुबह नफरत, कटुता और हिंसा को भड़काने वाले सामान्य विचारों से ऊपर उठें। हम सभी एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जहां सम्मान सर्वोपरि हो, परिवार प्रथम हो और प्यार सर्वोपरि हो। हम इस दुनिया का फिर अहसास कर सकते हैं। हममें से हर किसी को इसे वापस पाने की मांग करनी चाहिए।

## खबर कोना



*अमेरिका* : फ्लोरिडा अंतरराष्ट्रीय विवि में कोपा अमेरिका फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले से पहले अभ्यास करते अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी।

### सनीथ, मीर ने बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब जीते

पुणे, 14 जुलाई (भाषा)।

कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हरा कर खिताब जीता।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 61वें और थेगाला चौथे स्थान पर

नार्थ बेरविक, 14 जुलाई (भाषा)।

भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया, जिससे वह जेनेसिस स्काटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। शुभंकर ने छह बर्डी लगाई लेकिन इसके साथ वह इतनी ही बोगी कर बैठे। स्वीडन के लुडविग एबर्ग ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ दो शाट की बढ़त हासिल कर ली है। राबर्ट मैकइंटायर 15 अंडर के साथ दूसरे, एडम स्काट 14 अंडर का कुल स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं।

### अनाहत, शौर्य विश्व जूनियर स्क्वाश टूर्नामेंट के चौथे दौर में

नई दिल्ली, 14 जुलाई (एजंसी)।

भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना जापान की अकारी मिडोरिकावा से होगा।

### रंधावा वरिष्ठ स्विस ओपन में संयुक्त छठे स्थान पर

जिनेवा, 14 जुलाई (भाषा)।

भारत के ज्योति रंधावा 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के लिए यूरोप के लीजेंड्स टूर के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सीनियर स्विस ओपन के दूसरे दौर में 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। 52 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में 66 का कार्ड खेला था और दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर 5 अंडर है। पहली बार लीजेंड्स टूर में खेल रहे रंधावा ने दूसरे दौर में दो बर्डी बनाई लेकिन इसके साथ एक बोगी भी की।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रन से हरा कर श्रृंखला 4-1 से जीती

## मुकेश कुमार ने लिए चार विकेट, शिवम दुबे को मिलीं दो सफलताएं

हरारे, 14 जुलाई (एजंसी)।

संजू सैमसन के अर्धशतक के बाद मुकेश कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां जिम्बाब्वे को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की।

भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (22 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। शिवम दुबे (25 रन पर दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर (सात रन पर एक विकेट), अभिषेक शर्मा (20 रन पर एक विकेट) और तुषार देशपांडे (25 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला। जिम्बाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरूमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया।

सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिंबाब्वे की शुरुआत खराब रही। वेस्ली माधेवेरे (00) मुकेश की पारी की तीसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए।

**पांचवा टी20**



*भारत* ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 167 रन बनाए। बल्लेबाज संजू सैमसन ने 45 गेंद पर 58 रन की पारी खेली। वहीं, दुबे ने 26 रन बनाए। वहीं, जिम्बाब्वे की टीम पूरे बीस ओवर नहीं खेल पाई और 125 रन पर ढेर हो गई।

ब्रायन बेनेट (10) ने देशपांडे का स्वागत लगातार दो चौकों के साथ किया लेकिन मुकेश के अगले ओवर में डीप बैडवर्ड प्वाइंट पर दुबे को आसान कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज मरूमानी ने मुकेश पर लगातार दो चौके जड़े। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगली गेंद पर बोल्ड हो गया लेकिन वह नोबाल हो गई। मरूमानी ने रवि बिश्नोई पर दो चौके मारे, जबकि इसी ओवर में मायर्स ने भी गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए।

जिम्बाब्वे ने पावर प्ले में दो विकेट पर 47 रन बनाए। सुंदर ने मरूमानी को पगबाधा करके जिंबाब्वे को तीसरा झटका दिया। मायर्स ने बाएं हाथ के स्पिनर अभिषेक पर छक्का और चौका मारा लेकिन दुबे की गेंद पर शार्ट थर्ड मैन पर अभिषेक को ही आसान कैच दे बैठे। कप्तान सिकंदर रजा (08) 14वें ओवर में दुबे के सटीक निशाने पर रन आउट हुए।

# पैटन, हेलियोवारा ने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता

लंदन, 14 जुलाई (एपी)।

**टेनिस**

हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

पैटन और हेलियोवारा ने बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में आस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जार्डन थाम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हरा कर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। हेलियोवारा फिनलैंड के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता। मैच जीतने के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। पैटन पेशेवर युग में आल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2012 में जोनाथन मैरे और पिछले साल नील स्कूप्स्की ने यह खिताब जीता था।

**सिनियाकोवा और टाउनसेंड की जोड़ी ने महिला खिताब जीता** : कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने शनिवार को खेले गए फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। उन्होंने लंबे समय तक अपनी युगल जोड़ीदार रही बारबोरा क्रेजिकोवा के खिताब जीतने के कुछ देर बाद अपने नाम पर एक और ट्राफी जोड़ी।

# गायकवाड़ के कैंसर के इलाज को एक करोड़ रुपए देगा बीसीसीआइ

मुंबई, 14 जुलाई (भाषा)।

**मदद**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) ने लंदन में कैंसर का इलाज करा रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ के उपचार के लिए एक करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया है।

बीसीसीआइ का यह फैसला पूर्व कप्तान कपिल देव और संदीप पाटिल की भावनात्मक अपील के बाद आया है, जिन्होंने क्रिकेट बोर्ड से गायकवाड़ की मदद करने का आग्रह किया था। बीसीसीआइ की शीर्ष परिषद ने यहां जारी बयान में कहा, 'सचिव जय शाह ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) को कैंसर से जूझ रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल एक करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश दिया है।'

बयान के अनुसार, शाह ने गायकवाड़ के परिवार से भी बात की और स्थिति का जायजा लिया और सहायता प्रदान की। बोर्ड संकट की इस घड़ी में गायकवाड़ के परिवार के साथ है तथा गायकवाड़ के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह करेगा।

# आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच में भारत ए की अगुआई करेंगी मीनू

मुंबई, 14 जुलाई (भाषा)।

**क्रिकेट**

आफ स्पिनर मीनू मनि सात अगस्त से शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे पर भारत 'ए' महिला टीम की अगुआई करेंगी। श्वेता सेहरावत को उप कप्तान बनाया गया है। भारत को आगामी दौरे पर आस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ तीन टी20, तीन 50 ओवर के मैच और एक चार दिवसीय मैच खेलना है।

टीम में साजना सजीवन, उमा छेत्री और साइका इशाक को भी जगह मिली है। शबनम शकील को भी टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा। सत्ताइस वर्षीय तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। **भारत ए टीम** : मीनू मनि (कप्तान), श्वेता सेहरावत, प्रिया पूनिया, शुभा सतीश, तेजल हसबनिस, किरण नवगिरे, साजना सजीवन, उमा छेत्री, शिप्रा गिरी, राघवी बिष्ट, साइका इशाक, मन्नत कश्यप, तनुजा कंवर, प्रिया मिश्रा, मेघना सिंह, सायली सतघरे, शबनम शकील और एस यशश्री। स्टैंडबाय : साइमा ठाकोर।

**कार्यक्रम : सात अगस्त** : पहला टी20 (एलेन बार्डर फील्ड, ब्रिसबेन)। **नौ अगस्त** : दूसरा टी20 (एलेन बार्डर फील्ड, ब्रिसबेन)। **11 अगस्त** : तीसरा टी20 (एलेन बॉर्डर फील्ड, ब्रिसबेन)। **14 अगस्त** : पहला 50 ओवर का मुकाबला (मैकाय)। **16 अगस्त** : दूसरा 50 ओवर का मुकाबला (मैकाय)। **18 अगस्त** : तीसरा 50 ओवर का मुकाबला (मैकाय)। **22-25 अगस्त** : चार दिवसीय मुकाबला (गोल्ड कोस्ट)।

### विंबलडन पुरुष एकल फाइनल

# अल्कारास ने जोकोविच को हरा कर जीता खिताब

लंदन, 14 जुलाई (एजंसी)।

स्पेन के कार्लोस अल्कारास ने रविवार को यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हरा कर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह आल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्कारास ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था।

सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्कारास के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन भी मौजूद थीं। अल्कारास सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाए। पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्राफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था।

**टेनिस**



*अल्कारास* सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाए, पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्राफी जीती।

किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रेकार्ड 4-0 हो गया। वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विंबलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गए। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाये थे। तीन जून को रोलां गैरों में उनके घुटने में चोट लगी थी और दो दिन बाद ही उनकी सर्जरी हुई थी। जोकोविच के दोनों बच्चे 'गेस्ट बाक्स' में थे, उन्होंने कहा, 'पहले दो सेट में मेरे खेल का स्तर अच्छा नहीं था। आज सब कुछ उसके हक में था।



*अमेरिका* : न्यू जर्सी में यूनाइटेड स्टेट की सोफिया स्मिथ और मेक्सिको की ग्रेटा इसपिनोजा (14) गेंद के लिए एक दूसरे से जूझती हुईं।

**मुकाबला**

# ओलंपिक का जश्न मनाने को 'पेरिस में भारत' मैराथन शुरू

नई दिल्ली, 14 जुलाई (भाषा)।

**दौड़**

भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी।

आइओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है।

*भारत* के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी।

इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है। इस अवसर पर गिरिराज ने कहा कि डिजिटल इंडिया के बढ़ते अवसर ईस्पोर्ट्स जैसे नए खेलों का लाभ उठाने की बहुत संभावनाएं प्रदान करते हैं।

### कांस्य विजेता मुक्केबाज निशांत देव ने कहा | ओलंपिक | मजबूत प्रतिद्वंद्वियों से सामना कर बढ़ा आत्मविश्वास

# मुक्केबाजी में पदक का रंग बदलना चाहता हूं

नई दिल्ली, 14 जुलाई (एजंसी)।

आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं।

भारत के लिए तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकाम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है। लेकिन देव को भरोसा है कि उनके पास लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) वजन फाइनल तक पहुंचने की काबिलियत है और वह स्वर्ण पदक जीतने का भी माद्दा रखते हैं। देव ने एक बातचीत के दौरान कहा कि मेरा लक्ष्य मुक्केबाजी में मिले पदकों का रंग बदलना है। हमारे देश के मुक्केबाजों ने अब तक कांस्य पदक जीते हैं, पर स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीत सके हैं। देव ने कहा कि मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं। मेरा प्रशिक्षण अच्छा रहा है। लेकिन अंत में यह भगवान पर निर्भर करता है। यह 23 वर्षीय मुक्केबाज 2021 में पहली बार विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर सुर्खियों में आया। दो साल बाद देव ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

*देव* ने कहा कि मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं। मेरा प्रशिक्षण अच्छा रहा है। लेकिन अंत में यह भगवान पर निर्भर करता है। यह 23 वर्षीय मुक्केबाज 2021 में पहली बार विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर सुर्खियों में आया। दो साल बाद देव ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।



उन्होंने कहा, वह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय पदक था और यह मेरे लिए बड़ी उपलब्धि थी। देव ने विश्व चैंपियनशिप के अंतिम आठ चरण में क्यूबा के जार्ज क्यूलार पर सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की थी। वह मानते हैं कि क्यूबा, अमेरिका, रूस और कजाकिस्तान जैसे मजबूत देशों के मुक्केबाजों का सामना करने से उनका डर खत्म हो गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिली। हरियाणा के मुक्केबाज ने कहा कि जब मैंने क्वार्टर फाइनल में क्यूबा के मुक्केबाज को आसानी से हराया तो मेरे मन से डर निकल गया।

# कनाडा को 4-3 से हरा कर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे

चार्लोट (अमेरिका), 14 जुलाई (एपी)।

स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया।

उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज बाम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 240

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,

**बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com